*

ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

02 जुलाई, 2023
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 252

उत्तराखंड के चमोली में लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ हाइवे बंद






# जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी बनेंगी हेमंत सरकार में मंत्री

## कल राजभवन के दरबार हॉल में लेंगी शपथ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राज्य के दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी मंत्री बनेंगी। वह राजभवन के दरबार हॉल में 3 जुलाई को शपथ लेंगी। उन्हें कौन सा विभाग मिलेगा यह अभी साफ नहीं किया गया है, लेकिन शिक्षा विभाग ही मिलने की चर्चा है।

बेबी देवी को मंत्री बनाने की बात सामने आने के बाद सारे कयासों पर विराम लग गया है। पहले स्व. जगरनाथ महतो के बेटे को मंत्री बनाये जाने की चर्चा थी।

**अप्रैल महीने से खाली है मंत्री पद :** चेन्नई में इलाज के दौरान शिक्षा और उत्पाद मंत्री जगरनाथ महतो का निधन 6 अप्रैल को हो गया था। जगरनाथ महतो डूमरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे। उनके निधन के बाद 90 दिनों से डूमरी विधानसभा उपचुनाव और मंत्री पद के शपथ को लेकर कयास चल रहे थे। पहले जगरनाथ महतो के बेटे अखिलेश महतो के चुनाव लड़ने की बात सामने आ रही थी, लेकिन उम्र कम होने की वजह से कई तरह की अटकलें लगायी जा रही थी। स्व. महतो की पत्नी जून के दूसरे सप्ताह में झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन से मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी उनकी मुलाकात हुई थी। तभी से तरह-तरह के कयासों का बाजार गर्म था।

**चुनाव से पहले कैबिनेट में मिलेगी जगह :** हेमंत सरकार में चुनाव होने से पहले सीधे मंत्री बनने वाली बेबी देवी दूसरी होंगी। इससे पहले दिवंगत हाजी हुसैन अंसारी के पुत्र हफीजुल हसन को चुनाव से पहले ही मुख्यमंत्री ने अपने कैबिनेट में जगह दी थी। उन्होंने मंत्री बनने के बाद मधुपुर विधानसभा से उपचुनाव जीता था।

**डूमरी विधानसभा में अजेय रहे हैं जगरनाथ :** डूमरी विधानसभा में स्व. जगरनाथ महतो अजेय माने जाते थे। साल 2005 विधानचुनाव से पहले उन्होंने झामुमो का दामन थामा। वह लगातार गिरिडीह के डुमरी विधानसभा से चार बार विधायक बने। साल 2019 के विधानसभा चुनाव में 34940 वोटों से जीत हासिल की थी। उनके निधन के बाद यह सीट खाली है। उपचुनाव की घोषणा होने पर इस सीट से अब उनकी पत्नी बेबी देवी चुनाव लड़ना तय हो गया है।

# महाराष्ट्र में बस हादसा, 25 की जलकर मौत

**महाराष्ट्र (आजाद सिपाही)।** महाराष्ट्र के बुलढाणा में शुक्रवार रात करीब 1.30 बजे एक बस हादसा हो गया। नागपुर से पुणे जा रही बस खंभे से टकराकर डिवाइडर पर चढ़ कर पलट गयी। इसके बाद बस में आग लग गयी। बस में 33 लोग सवार थे, जिसमें 25 की जलने से मौके पर मौत हो गयी। इनमें 3 बच्चे भी शामिल हैं। आठ लोगों ने बस की खिड़की का शीशा तोड़कर जान बचायी। बताया जा रहा है कि हादसा बस का टायर फटने की वजह से हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने हादसे पर दुख जताया है। पीएम ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। वहीं महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने घटना पर दुख जताया है। मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

# बुजुर्ग से उठक-बैठक मामले में सीएम ने लिया संज्ञान

- डीडीसी को जांच कर सख्त कार्रवाई का दिया आदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** चतरा जिले के प्रतापपुर में वनकर्मियों द्वारा बुजुर्ग से उठक-बैठक कराने के मामले में नया मोड़ आ गया है। इस मामले में जहां झारखंड के पूर्व सीएम और भाजपा नेता रघुवर दास ने ट्वीट कर राज्य सरकार को घेरा है, तो वहीं सीएम हेमंत सोरेन ने मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। सीएम हेमंत सोरेन ने यह आदेश ट्वीट पर डीडीसी चतरा को टैग करते हुए दिया है। सीएम ने अपने आदेश में कहा है कि इस मामले की डीडीसी न केवल जांच करें, बल्कि सख्त कार्रवाई करते हुए सूचित भी करें।

**पूर्व सीएम ने उठाये सवाल :** बुजुर्ग से उठक-बैठक कराने के मामले में संज्ञान लेते हुए राज्य के पूर्व सीएम रघुवर दास ने राज्य सरकार पर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने अपने ट्वीटर हैंडल पर लिखा है कि माफिया जब पूरा जंगल साफ कर रहे हैं, तब सरकार कहां सो रही होती है? उन्होंने आगे लिखा है कि अपने उपयोग के लिए सुखी टहनियों को ले जा रहे गरीब आदिवासियों पर इस तरह का जुल्म करना कहां तक वाजिब है। पूर्व सीएम रघुवर दास ने इस घटना को शर्मनाक बताया है।

**क्या है पूरा मामला :** मिली जानकारी के मुताबिक चतरा जिले के प्रतापपुर वन क्षेत्र के ननई जंगल से बुधवार को प्रखंड प्रतापपुर के स्थानीय गांव ननई के रहनेवाले बुजुर्ग ग्रामीण देवब्रत यादव अपनी बहू और पोते के साथ अपने खेतों को घेरने और जलावन के लिए कुछ सूखी टहनियां और झाड़ियां लेकर जा रहे थे। उन्हें इन चीजों को ले जाते हुए प्रतापपुर के वनकर्मी विवेक कुमार और कृष्ण कुमार राम ने पकड़ लिया। इसके बाद पत्नी और पोते के सामने बुजुर्ग को उठक-बैठक करने को कहा। वहीं भविष्य में जंगल नहीं काटने की कड़ी चेतावनी देते हुए बुजुर्ग दंपती को छोड़ा।

### मध्यप्रदेश के शहडोल में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# कांग्रेस की गारंटी मतलब नीयत में खोट: नरेंद्र मोदी

- पीएम ने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 लांच किया



## रानी दुर्गावती की जन्म शताब्दी पूरे देश में मनेगी

**प्रधानमंत्री ने कहा कि रानी दुर्गावती की 500वीं जन्म शताब्दी को पूरे देश में भारत सरकार मनाएगी। उनके जीवन पर फिल्म बनायी जायेगी। एक चांदी का सिक्का निकाला जायेगा।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**शहडोल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि झूठी गारंटी देने वालों से सावधान रहना। कांग्रेस की गारंटी का मतलब नीयत में खोट और गरीबों पर चोट है। जिनकी अपनी कोई गारंटी नहीं, वो गारंटी वाली नयी-नयी स्कीम ला रहे हैं। उनकी गारंटी में छिपे खोट को पहचानिए। झूठी गारंटी के नाम पर छिपे धोखे को पहचान लीजिए। प्रधानमंत्री शनिवार को मध्य प्रदेश में शहडोल में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 लांच करने को मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम को लांच करने के अलावा ऑनलाइन 3.5 करोड़ हितग्राहियों को डिजिटल आयुष्मान कार्ड बांटे।

**विपक्ष की गारंटी का समझाया मतलब :** प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर जम कर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि जब वे (विपक्षी दल) मुफ्त बिजली की गारंटी देते हैं, इसका मतलब है, बिजली के दाम बढ़ाने वाले हैं। जब मुफ्त सफर की गारंटी देते हैं, तो मतलब है कि यातायात व्यवस्था बर्बाद होने वाली है। जब पेंशन बढ़ाने की गारंटी देते हैं तो इसका मतलब है कि उस राज्य में कर्मचारियों को समय पर वेतन भी नहीं मिल पाएगा। जब सस्ते पेट्रोल की गारंटी देते हैं तो इसका मतलब है कि टैक्स बढ़ाकर आपकी जेब से पैसे निकालने की तैयारी कर रहे हैं। जब वो रोजगार बढ़ाने की गारंटी देते हैं तो इसका मतलब है कि वे उद्योग धंधे चौपट करने वाली नीति लेकर आएंगे। मोदी ने कहा कि वो झूठी गारंटी देकर अपने परिवार को आगे ले जाएंगे, लेकिन आप पीछे रह जाएंगे। आपको कांग्रेस समेत हर राजनीतिक दल की गारंटी से सतर्क रहना है।

**विपक्षी एकजुटता की गारंटी नहीं :** नरेंद्र मोदी ने विपक्षी एकजुटता के दावे पर कहा कि आज जो एक साथ आने का दावा कर रहे हैं। सोशल मीडिया में उनके पुराने बयान वायरल हो रहे हैं। वो हमेशा से एक दूसरे को पानी पी पीकर कोसते रहे हैं। यानी विपक्षी एकजुटता की गारंटी नहीं है। परिवारवादी पार्टियां सिर्फ अपने परिवार के भले के लिए काम करती आयी हैं। देश के सामान्य लोगों के परिवार को आगे ले जाने की गारंटी उनके पास नहीं है। जो जमानत लेकर बाहर घूम रहे हैं, जो घोटालों के आरोप में सजा काट रहे हैं वो एक मंच पर दिख रहे हैं। यानी उनके पास भ्रष्टाचार मुक्त शासन की गारंटी नहीं है। वो एक सुर में देश के खिलाफ बयान दे रहे हैं। वो देश विरोधी तत्वों के साथ बैठकें कर रहे हैं। यानी उनके पास आतंकवाद मुक्त भारत की गारंटी नहीं है।

**सरकार की उपलब्धियां गिनायी :** इस मौके पर प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को भी गिनाया। उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, आयुष्मान योजना, उज्जवला योजना, मुद्रा योजना आदि का जिक्र किया। अपनी सरकार की गारंटी के कार्यों को गिनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश बहुत बड़ा संकल्प ले रहा है। ये संकल्प है सिकल सेल एनीमिया से मुक्ति का। सिकल सेल एनीमिया की बीमारी बहुत कष्टकारी होती है। ये बीमारी आनुवांशिक है। पिछले 70 सालों में सिकल सेल एनीमिया बीमारी की चिंता नहीं हुई। इससे निपटने के लिए कोई ठोस प्लान नहीं बनाया गया। इससे प्रभावित ज्यादातर लोग आदिवासी समाज के थे। आदिवासी समाज के प्रति बेरुखी के चलते पहले की सरकारों के लिए ये कोई मुद्दा ही नहीं था। लेकिन आदिवासी समाज की इस सबसे बड़ी चुनौती से निपटने का बीड़ा हमारी सरकार ने उठाया है।

# दंगे की आग में धधकते फ्रांस को चाहिए 'योगी मॉडल'

- यूरोप के डॉक्टर प्रोफेसर एन जॉन कैम ने किया ट्वीट
- लिखा, योगी आदित्यनाथ को यहां भेजें
- उत्तर प्रदेश सीएमओ ने री-ट्वीट कर दिया जवाब


**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली/लखनऊ।** फ्रांस के आसपास के शहरों में दंगा जारी है। फ्रांस में दंगे पर काबू पाने के लिए एक ट्विटर यूजर ने सीएम योगी का जिक्र करते हुए ट्वीट किया। उसने कहा है कि फ्रांस की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए योगी आदित्यनाथ को वहां भेजा जाये। इस ट्वीट का उत्तर प्रदेश सीएम कार्यालय ने जवाब दिया है।

**डॉक्टर का ट्वीट हो रहा वायरल :** दरअसल फ्रांस में 17 साल के लड़के नाहेल की हत्या के बाद चौथे दिन भी हिंसा जारी रही। देशभर में प्रदर्शनकारियों ने 2 हजार से ज्यादा कारें जला दी हैं। पुलिस ने चौथे दिन 1000 दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। रॉयटर्स के मुताबिक हालात काबू में करने के लिए 45 हजार पुलिसकर्मियों के साथ बख्तरबंद गाड़ियों को सड़कों पर तैनात कर दिया गया है। इसबीच एक ट्वीटर वायरल हो रहा है। यूरोप के डॉक्टर प्रोफेसर एन जॉन कैम ने एक ट्वीट में भारत से सीएम योगी को फ्रांस भेजने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वह 24 घंटे में शांति कायम कर सकते हैं। प्रोफेसर एन जॉन यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से जुड़े हैं और कार्डियोलॉजी की दुनिया में एक जाना-माना नाम हैं।

**सीएमओ ने कहा दुनिया योगी मॉडल तलाशती :** इस ट्वीट पर उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री कार्यालय ने जवाब दिया है। योगी आदित्यनाथ के कार्यालय के आधिकारिक ट्विटर हैंडल योगी ऑफिस ने पोस्ट किया कि जब भी चरमपंथ दंगों को बढ़ावा देता है, अराजकता फैलती है और दुनिया के किसी भी हिस्से में कानून और व्यवस्था की स्थिति पैदा होती है, तो दुनिया उत्तर प्रदेश में महाराज जी द्वारा स्थापित कानून-व्यवस्था का 'योगी मॉडल' तलाशती है। इसके साथ ही दुनिया सांत्वना ढूंढती है और परिवर्तन के लिए तरसती है।

**ट्वीट और रीट्वीट के बाद राजनीति तेज :** उत्तर प्रदेश सीएमओ की तरफ से रीट्वीट के बाद सियासत तेज हो गयी है। इस पर राजनीतिक दलों की प्रतिक्रियाएं भी आ रही हैं। भाजपा के नेता इसे 'योगी मॉडल' की सफलता बता रहे, वहीं, विपक्षी विदेशी ट्विटर एकाउंट को ही फर्जी बता रहे हैं। इसे भाजपा का ही खेल बताया जा रहा है। एआइएमआइएम, आप आदि ने इस ट्विट को लेकर भाजपा पर तंज कसा है।





# मुख्यमंत्री के प्रयासों से अपना जीवन सुधार रहीं झारखंड की बेटियां

- बेटियों को उद्यमी बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही सरकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**





## बेटियां यहां कर सकती हैं संपर्क

**कौशल कॉलेज में एडमिशन के लिए छात्राएं 10वीं पास करके app.prejha.org में आवेदन कर सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए हेल्प लाइन नंबर 6204800180 पर कॉल कर सकती हैं।**

**रांची।** पार्वती और द्रौपदी कुमारी रांची के सिकिदिरी गांव की रहने वाली सगी बहनें हैं। दोनों ऐसे पृष्ठभूमि से आती हैं, जहां लड़की के लिए शिक्षा ग्रहण कर पाना बेहद कठिन है। दोनों बहनों ने अपनी मां की देखरेख में इस कठिन दौर को पार किया। सिर्फ कठिन दौर को पार ही नहीं किया, बल्कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर शुरू किये गये आइटीआइ कौशल कॉलेज (पाक-कला) प्रेझा फाउंडेशन (एसटी, एससी, अल्पसंख्यक और कल्याण विभाग की परियोजन परिवाहिनी) से जुड़ गयीं। दोनों बहन की पहल रंग लायी। दोनों ने अच्छा करने की प्रतिबद्धता के साथ पाककला में एक साल का पूर्णकालिक आवासीय आइटीआइ प्रमाणन कार्यक्रम के तहत पाठ्यक्रम पूरा कर प्लेसमेंट प्राप्त किया। पार्वती हैदराबाद स्थित सोडेक्सो एवं द्रौपदी बर्बेक्यू नेशन में नौकरी प्राप्त कर ली। उनका शुरुआती मासिक शुद्ध वेतन लगभग 16,000 (सीटीसी 25,000 रुपये) था। उनकी प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत के कारण केवल 6 माह में उनके वेतन में वृद्धि हुई। वर्तमान मासिक शुद्ध वेतन 26 हजार (36,000 सीटीसी) है। अब दोनों बहनें न केवल अपनी मां की देखभाल कर रहीं हैं, बल्कि अपने गांव की सैकड़ों युवा लड़कियों के लिए एक आदर्श भी बन गयी हैं। मुख्यमंत्री के प्रयासों से पार्वती और द्रौपदी जैसी सैकड़ों युवतियां अपना जीवन सुधार पा रहीं हैं।

**कमजोर वर्गों के लिए वरदान है यह पहल :** आइटीआइ कौशल कॉलेज (पाक-कला) प्रेझा फाउंडेशन की एक पहल है जो पाककला में एक साल का पूर्णकालिक आवासीय आइटीआइ प्रमाणन कार्यक्रम प्रदान करने वाला अपनी तरह का पहला संस्थान है। यह कार्यक्रम राज्य के कमजोर वर्गों एससी, एसटी और अल्पसंख्यक लड़कियों को शेफ के रूप में प्रशिक्षित करने के इरादे से विकसित किया गया है। ताकि वे अपनी आजीविका का मार्ग प्रशस्त कर सकें। यह पाक कला महाविद्यालय, कई मायनों में एक अभिनव पहल है। इसमें विश्व स्तरीय प्रशिक्षण बुनियादी ढांचा, विशेष रूप से तैयार पाठ्यक्रम और पाक कला प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रेरित संकाय है। झारखंड सरकार ने भारत और दुनिया के लिए भविष्य के शेफ तैयार करने के लिए इसकी स्थापना की है। आइटीआइ पाक कला कौशल कॉलेज औपचारिक रूप से राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी), रांची, झारखंड से संबद्ध है। छात्रों को इंडियन फेडरेशन फॉर क्यूलिनरी एसोसिएशन (आइएफसीए) द्वारा प्रमाणित प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

**बेटियों को उद्यमी बनाना लक्ष्य:** झारखंड की बेटियों को इस पाठयक्रम के जरिए खाद्य उद्यमी बनाना लक्ष्य है। सरकार के सहयोग से संचालित कौशल कॉलेज एक ऐसा पाठ्यक्रम प्रदान करता है जो प्रैक्टिकल कक्षाओं, थ्योरी कक्षाओं, प्रोडक्शन शॉप (छात्रों द्वारा प्रबंधित एक इन-हाउस कैफे), जीवन कौशल मॉड्यूल (संचार, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, कार्य जीवन संतुलन और उद्यमिता) का सही मिश्रण है। आवासीय कॉलेज छात्राओं को उनके व्यक्तित्व और समाज के प्रति सेवा की भावना का निर्माण करने में मदद करती है। छात्रों को उद्यमिता (खाद्य उद्यमी) अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। आइटीआइ कौशल कॉलेज में छात्रों द्वारा संचालित सेवा कैफे हैं जो खाद्य उद्यमियों की नर्सरी के रूप में कार्य करता है। इसका लक्ष्य झारखंड की बेटियों में उद्यमिता मानसिकता पैदा करने के मुख्यमंत्री के सपनों को साकार करना है।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 02 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in


# राजस्थान में जातीय समीकरण साधने में जुटीं पार्टियां

## ▪ विधानसभा चुनाव से पहले खूब हो रहा जातिगत महासभाओं का आयोजन

## ▪ कांग्रेस के लिए चुनौतीपूर्ण है इस संवेदनशील समीकरण को पक्ष में मोड़ना

**आजाद सिपाही विशेष**

**राजस्थान में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। इलाकों, सीटों और जातिगत समीकरणों के लिहाज से राज्य के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग नेताओं का दबदबा रहा है। कुछ इलाकों में भाजपा मजबूत है, तो कुछ जगहों पर कांग्रेस दमखम दिखाती नजर आयी है। ऐसे में जब गहलोत और पायलट के बीच सियासी खींचतान बरकरार है, आगामी विधानसभा चुनाव बेहद दिलचस्प होनेवाला है। इसका एक प्रमुख कारण राज्य का जातीय समीकरण है। वैसे तो राजस्थान की सियासत में जातिगत समीकरण लगभग हर चुनाव में हावी रहे हैं, लेकिन इस बार इसका जोर कुछ ज्यादा दिखाई दे रहा है। राज्य में जाट, राजपूत, गुर्जर और मीणा समाज का दबदबा रहा है। नौ फीसदी आबादी के साथ जाट यहां सबसे बड़ा जातीय समूह बनाते हैं। शेखावाटी और मारवाड़ के 31 निर्वाचन क्षेत्रों में इनका दबदबा है। राज्य की दो सौ सदस्यीय विधानसभा में 37 सीटें जाटों के दबदबे वाली हैं, जबकि 17 सीटों पर राजपूतों का वर्चस्व है। 35 से 40 सीटों पर गुर्जर समाज का दबदबा है। इस साल भी चुनाव में ये जातिगत फैक्टर बेहद महत्वपूर्ण होंगे। इसके अलावा सियासी क्षत्रपों के जनाधार भी बेहद मायने रखते हैं। सवाल दोनों पार्टियों के लिए बराबर है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने राजस्थान दौरे के दौरान जिस तरह से कन्हैयालाल हत्याकांड में कांग्रेस को घेरा है, उससे दलितों का बड़ा वर्ग अब भाजपा के प्रति झुकता दिख रहा है, हालांकि कांग्रेस की तरफ से इसके डैमेज कंट्रोल की कोशिश की जा रही है, लेकिन वह असरदार होती नहीं दिख रही है। इस तरह राज्य के आगामी विधानसभा चुनावों में जातीय समीकरण को साधना दोनों दलों के लिए बड़ी चुनौती होगी। कांग्रेस या भाजपा या कोई और, जिसकी सोशल इंजीनियरिंग में दम होगा, जीत उसके हाथ लगेगी। राजस्थान के इस संवेदनशील जातीय समीकरण का राजनीतिक विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

राजस्थान में इन दिनों जातीय समूहों की लगातार हो रही महासभाओं ने राज्य की राजनीति को गरमा दिया है। पिछले चार महीनों में राजधानी जयपुर में जाटों, राजपूतों, ब्राह्मणों, गुर्जरों, कुम्हारों, कुमावतों, अहीरों और मालियों की बड़ी सभाएं हुई हैं। आनेवाले दिनों में और भी महासभाएं होनेवाली हैं। प्रत्येक भव्य रैली में चुनावी टिकट और जाति आधारित आरक्षण की मांग की जा रही है और इसका मकसद जाति को 'सम्मान' दिलाना है। दो सप्ताह पहले एक महासभा ने एक नया मोड़ ला दिया, जिसमें जातिविहीन होकर लोग शामिल हुए। यह युवा बेरोजगार महासम्मेलन या बेरोजगारों की भव्य सभा थी। राजस्थान का यह माहौल बिहार में पिछली शताब्दी के अंतिम दशक के दौर की याद दिलाता है, जब पटना में जातीय सम्मेलन और रैलियों का आयोजन होता था। उन रैलियों के दम पर जाति के आधार पर विधानसभा चुनाव के लिए टिकट की सौदेबाजी होती थी और राजनीतिक दलों को जातीय नेताओं के सामने सरेंडर करना पड़ता था।

आज लगभग यही स्थिति राजस्थान की है। यहां की चुनाव पूर्व राजनीतिक परंपरा में विभिन्न मांगों को लेकर राजनीतिक दलों पर दबाव डालने के लिए हजारों लोग जमा होकर बड़ी बैठकें कर रहे हैं। ओबीसी की उप-श्रेणियां बनाने की दिशा में नरेंद्र मोदी सरकार के जोर और विधानसभा चुनाव से पहले समुदाय पर भाजपा के फोकस के साथ नये गुट महासभाओं के जरिये ताकत दिखा रहे हैं। इसे ब्लैकमेल की राजनीति कहा जा सकता है। कोई भी इसे सीधे तौर पर तो नहीं कहता है, लेकिन पार्टियों के बीच समुदाय के वोट खोने का डर बना रहता है। विभिन्न जातीय समूहों के साथ नजर आने के लिए नेता इन बैठकों में भाग लेने के लिए कतार में रहते हैं।

### क्या है राजस्थान का जातीय समीकरण

राजस्थान में एक सौ से अधिक विधानसभा सीटों पर ओबीसी जाति समूहों का प्रभाव है। लेकिन यह पहली बार है कि माली, कुम्हार और कुमावत जैसी छोटी जातियां अपनी विशिष्ट मांगों की सूची के साथ महासभा का भव्य आयोजन कर रही हैं। जाति जनगणना, ओबीसी आरक्षण 21 फीसदी से बढ़ा कर 27 फीसदी और आबादी के अनुपात में राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की उनकी मांगें हैं। ये सभाएं गुर्जर, जाट, ब्राह्मण और राजपूत जैसे प्रमुख जातीय समूहों द्वारा आयोजित बड़ी रैलियों की तरह ही शक्ति प्रदर्शन है। इसके पीछे कारण यह है कि पिछले चार-पांच वर्षों में छोटी जातियों में अपने अस्तित्व को लेकर जागरूकता आयी है। ओबीसी जातियों को बांट कर कांग्रेस ने वर्ग और जातीय पहचान को पुनर्जीवित किया है। इसने न केवल उपजातियों को विभाजित किया है, बल्कि सूक्ष्म स्तर पर वोटों का ध्रुवीकरण भी किया है। यही कारण है कि मार्च के बाद से 10 से अधिक जातीय समूहों ने सांसदों/विधायकों और कांग्रेस और भाजपा दोनों के नेताओं की उपस्थिति में महासभा आयोजित की है। अज राजस्थान का हर नेता खुद को जाति से पहचाने जाने पर जोर दे रहा है।

वैसे सवर्ण वर्ग परंपरागत रूप से भाजपा के प्रति निष्ठावान रहता है, जबकि दलित और मुस्लिम समुदाय कांग्रेस के पक्ष में एकजुट रहे हैं। लेकिन जाट और ओबीसी वर्ग के वोट राज्य में एक पार्टी से दूसरी में समय-समय पर शिफ्ट होते रहे हैं। आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा और कांग्रेस की नजर इन फ्लोटिंग वोटरों पर ही सबसे ज्यादा टिकी है। यह 2018 के विधानसभा चुनाव परिणाम से स्पष्ट है कि जाट उम्मीदवारों ने 37 सीटें जीतीं, राजपूतों ने 17 सीटें और ओबीसी ने 35 सीटें जीतीं। 2018 के चुनाव में जाट, राजपूत, गुर्जर, मीणा, ब्राह्मण और मुस्लिमों के 106 विधायक थे, जबकि 59 सीटें एससी/एसटी के लिए आरक्षित थीं। कांग्रेस ने 15 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे, जिनमें से सात जीते।




### भाजपा के पक्ष में दिख रहा है समीकरण

हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राजस्थान में थे। वहां उन्होंने कन्हैयालाल हत्याकांड का मुद्दा उठा कर ओबीसी समुदाय को साधने की कोशिश का स्पष्ट संकेत दिया। वैसे ओबीसी वोट को लुभाने की भाजपा की कोशिश पिछले साल जोर पकड़ने लगी थी। सितंबर 2022 में पार्टी ने सीएम गहलोत के गृहनगर जोधपुर में अपनी ओबीसी मोर्चा की बैठक आयोजित की, जहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अध्यक्षीय भाषण दिया। पिछले आठ महीनों में पीएम मोदी पांच बार राजस्थान का दौरा कर चुके हैं।

### राजस्थान की सियासी पृष्ठभूमि

1980 के दशक के उत्तरार्ध में राजस्थान में ट्रेड यूनियनों, किसान यूनियनों और महिला-नेतृत्व वाले संगठनों का चुनावों पर प्रभाव था। लेकिन एक बार जब जातीय समूहों ने अपने हितों के लिए काम करना शुरू कर दिया, तो उनकी आवाजें दबने लगीं। इसलिए कहा जाता है कि राजस्थान में जो जातिगत समीकरणों को साध लेता है, सत्ता उसी के हाथ में होती है। अशोक गहलोत ने बार-बार यह कर के दिखाया है। टिकट वितरण के दौरान यह देखा जाता है कि उम्मीदवार जिस जातीय समूह से संबंधित है, उसमें उसका कितना प्रभाव है।

### महासभाओं की राजनीति

जयपुर विधानसभा के पास स्थित विद्याधर स्टेडियम इन महासभाओं का केंद्र बन चुका है। लगभग हर महीने सैकड़ों वैन, ट्रक और कारें सीकर, जालौर, जोधपुर, पाली, बीकानेर समेत राजस्थान के अन्य हिस्सों से हजारों लोगों को लेकर यहां आती हैं। भीड़ जुटाने की इस शैली को 'चौटाला मॉडल' कहा जाता है। ओम प्रकाश चौटाला इसी तरह से हरियाणा में खाप पंचायतों के जरिये भीड़ जुटाते थे। महासभा के आयोजकों ने भारी भीड़ पर फूल बरसाने के लिए निजी हेलीकॉप्टर तक किराये पर लिये। गायक उत्साह और जातीय गौरव के नाम पर दर्शकों का मनोरंजन करते हैं और ड्रोन कैमरे कार्यक्रम को रिकॉर्ड करते हैं। इन महासभाओं या रैलियों में क्या कहा जाता है, उसका एक उदाहरण हाल में आयोजित ब्राह्मण महासभा है। इसमें 'कहो गरज कर हम हिंदू और हिंदुस्तान हमारा है' बजाया गया, जबकि अभिनेता आशुतोष राणा की कविता 'संत भी मैं हूं, अंत भी मैं हूं, आदि और अनंत भी मैं हूं' को रीमिक्स मोड में भी इस्तेमाल किया गया। जाट महाकुंभ में दर्शक 'जिंदाबाद जवानी, जिंदाबाद किसानी' जैसे गानों पर खूब थिरके। अधिकांश जातीय समूहों के अपने धार्मिक प्रतीक हैं, जो उन्हें एकजुट करते हैं। ब्राह्मण समाज भगवान परशुराम के नाम पर, जाट समाज वीर तेजाजी के नाम पर, कुम्हार समाज श्रीश्री यादे माता के नाम पर और गुर्जर समाज देवनारायण जी के नाम पर एकजुट होते हैं।

कुल मिला कर कहा जा सकता है कि राजस्थान का चुनाव इस बार पूरी तरह नहीं तो, कम से कम आंशिक तौर पर जातीय समूहों का मुकाबला बन सकता है। जाहिर है इसमें भाजपा मजबूत साबित होगी, क्योंकि उसके पास लगभग सभी जातीय समूहों के प्रभावशाली नेता हैं। दूसरी तरफ अंदरूनी कलह से जूझ रही कांग्रेस के लिए इस समीकरण को साधना थोड़ा मुश्किल होता जा रहा है।

---

# पटना में शिक्षक अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

## नियमावली में बदलाव का विरोध, डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग

**पथराव के बाद पुलिस का लाठीचार्ज, 18 हिरासत में**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार में 1.70 लाख शिक्षकों की होने वाली भर्ती में दूसरे राज्यों के अभ्यर्थियों को मौका देने के बाद से शनिवार को पटना में बवाल मचा। बिहार के शिक्षक अभ्यर्थी लगातार नियमावली में संशोधन का विरोध कर रहे हैं।

पटना में शिक्षक बहाली में डोमिसाइल नीति लागू कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थी सड़क पर उतर गये। शनिवार की सुबह 2000 से अधिक की संख्या में अभ्यर्थी सबसे पहले गांधी मैदान में इकट्ठा हुए। फिर हाथों में तिरंगा लिए पैदल मार्च किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें जेपी गोलंबर के बाद रोक दिया।

पुलिस के समझाने के बाद भी शिक्षक अभ्यर्थी प्रदर्शन कर रहे थे। जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। आक्रोशित शिक्षक अभ्यर्थियों ने पथराव शुरू कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें खदेड़ा। डाक बंगला चौराहे से पुलिस ने उन्हें पटना जंक्शन तक खदेड़ा है। पुलिस ने 18 शिक्षक अभ्यर्थियों को हिरासत में लिया है, इनमें 2 महिलाएं हैं।

पुलिस ने पहले से बैरिकेडिंग कर रखी थी। ताकि अभ्यर्थियों को इससे आगे बढ़ने नहीं दिया जाये। फिर हल्का बल प्रयोग कर सभी को पीछे खदेड़ दिया। फिर सेंट जेवियर स्कूल, गांधी मैदान के पास लाठी चार्ज किया गया। अभ्यर्थी सरकार के खिलाफ लगातार नारेबाजी कर रहे हैं। साथ ही शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की मांग कर रहे हैं। अभ्यर्थियों की मांग है कि डोमिसाइल नीति को फिर से लागू किया जाये।



### शिक्षा मंत्री को पशुपालन विभाग देने की मांग

**इधर, शिक्षा विभाग ने भी प्रदर्शन को देखते हुए आदेश जारी किया है कि नयी शिक्षा नियमावली का विरोध करने वालों के खिलाफ आचार संहिता के तहत कार्रवाई की जायेगी। इससे पहले शिक्षक अभ्यर्थियों ने सरकार को 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। जो कि कल पूरा हो गया था। हालांकि सरकार की ओर से अभी तक कोई भी जवाब नहीं मिला है। इसके साथ ही शिक्षक अभ्यर्थियों ने यह मांग की है कि शिक्षा मंत्री को शिक्षा विभाग से हटाकर पशुपालन विभाग दे देना चाहिए।**

---

# अवैध खनन में कारोबारी कृष्णा साहा को इडी का समन, पांच को बुलाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** साहिबगंज जिले के बरहड़वा के पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने शनिवार को समन भेजा है। कृष्णा साहा को पांच जुलाई को इडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है। गौरतलब है कि आठ जुलाई 2022 को इडी की टीम ने अवैध खनन मामले में साहिबगंज के बरहड़वा में चार पत्थर व्यवसायियों के यहां एक साथ छापेमारी की थी। बरहड़वा मेन रोड स्थित भगवान भगत व उनके भाई भावेश भगत, कुशवाहा टोला स्थित लोलो पैलेस में रह रहे सुब्रतो पाल और मुनिया होटल स्थित कृष्णा साह के यहां इडी ने कार्रवाई की थी।

---

## प्रतुल ने डीजीपी और एसपी लातेहार को ट्वीट किया

# अभिजीत प्लांट में चोरी को रोकने के लिए अभियान चलाने का आग्रह

**स्क्रैप चोरी को रोकने के लिए चकला अभिजीत प्लांट क्षेत्र में शाम 6:00 से सुबह 6:00 तक जनता कर्फ्यू लगाने पर हो रहा विचार : प्रतुल शाहदेव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड के पुलिस महानिदेशक और लातेहार के पुलिस अधीक्षक से ट्वीट कर ध्यान दिलाया है कि लातेहार के चंदवा थाना अंतर्गत स्थित चकला के दिवालिया हो गये अभिजीत प्लांट से करोडों रुपये की स्क्रैप चोरी पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।

प्रतुल ने कहा दर्जनों बार ट्वीट करने और लगातार मीडिया में खबरें आने के बावजूद अभिजीत प्लांट से चोरी जारी है। एक संगठित सफेदपोश चोरों का गिरोह इस रैकेट को चला रहा। प्रतुल ने लातेहार के पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया है कि अगर लगातार पुलिस प्लांट क्षेत्र में रात में छापेमारी करेगी तो सैकड़ों चोर गिरफ्त में आयेंगे। उन्होंने बताया कि हाल ही में उनके चंदवा और बालूमाथ क्षेत्र का दौरा के क्रम में उन्होंने पाया कि उस इलाके के ग्रामीणों में भी स्क्रैप चोरी के कारण गहरा रोष है।



प्रतुल ने प्रशासन से आग्रह किया की अति शीघ्र उस चोरी को रोकने हेतु कड़े कदम उठाने का निर्देश दें। अगर यह चोरी नहीं रुकी तो ग्रामीणों के साथ मिलकर जनता के द्वारा अभिजीत प्लांट के क्षेत्र में शाम 6:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक 'जनता कर्फ्यू' लगाने के मुद्दे पर गंभीरता पूर्वक विचार हो रहा है।

'जनता कर्फ्यू' के जरिए चोरों को अभिजीत प्लांट क्षेत्र में आने जाने से रोक लगेगी। इससे आम जनता को कोई परेशानी नहीं होगी। हर एक नागरिक का दायित्व होता है कि वह सरकार और प्रशासन की मदद करें। इसलिए अति शीघ्र जनता कर्फ्यू हेतु प्रशासन से अनुमति लेकर पहल होगी। प्रतुल ने आश्चर्य व्यक्त किया कि इस रैकेट को संचालित करने वाले सफेदपोश अभी भी प्रशासनिक गिरफ्त से बाहर हैं। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि प्रशासन के द्वारा इस मुद्दे पर ठोस कार्रवाई होगी।

---

## जामा विधायक ने भुरभुरी पुल का किया उद्घाटन

# झामुमो सरकार की उपलब्धियों से घबरा गयी है भाजपा : सीता सोरेन




**आगस्टीन हेंब्रम**

**दुमका (आजाद सिपाही)।** दुमका हंसडीहा मुख्य पथ पर भुरभुरी नदी पर राजवीर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित लगभग 12 करोड़ की लागत वाला बहुचर्चित पुल का उद्घाटन शनिवार को जामा विधायक सीता सोरेन ने फीता काट कर किया। इस पुल के बन जाने से अब जामा और दुमका वासियों सहित बिहार बंगाल आने-जाने वाले सभी प्रकार के भारी वाहनों का परिचालन शुरू हो गया।

**पुल के बन जाने से अब जामा और दुमका वासियों सहित बिहार बंगाल आने-जाने वाले सभी प्रकार के भारी वाहनों का परिचालन हो सकेगा**

विधायक सीता सोरेन ने कहा कि जामा और रामगढ़ में उनके प्रयास से कई बड़े-बड़े पुल पुलिया का निर्माण कराया गया है, जिसमें चिगल पहाड़ी, नोनी हतवारी, सिमरा रामपुर, भेमरी नदी पर बना पुल शामिल है। उन्होंने कहा कि भाजपा हेमंत सोरेन की सरकार की उपलब्धियों से घबरा गयी है। जेएमएम सरकार के किये गये कार्यों को भी अपनी उपलब्धि बता रहे हैं। बीते दिनों राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया जामा आयी थीं। उन्होंने भाजपा के कार्यों के साथ झामुमो सरकार के कार्य को भी अपनी उपलब्धि बता रहीं थीं और आम जनता को अपना काम गिना रही थीं, जो उनकी बौखलाहट का नतीजा है। उन्होंने कहा कि जेएमएम जमीन से जुड़ी पार्टी है और जेएमएम की सरकार शिक्षा, पुल-पुलिया, सड़क निर्माण या स्वास्थ्य सभी क्षेत्र में चौतरफा विकास कर रही है। बताते चलें कि 23 अक्टूबर 2021 को भुरभुरी पुल का शिलान्यास जामा विधायक सीता सोरेन द्वारा किया गया था, जो जून 2023 में बन कर तैयार हुआ। पुल के उद्घाटन होने से दुमका भागलपुर और सिउड़ी आदि अन्य मार्ग से आने जाने वाले वाहनों का परिचालन शुरू हो गया।

उद्घाटन के मौके पर कार्यपालक अभियंता हरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि गुणवत्ता को प्राथमिकता देते हुए पुल का निर्माण कराया गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.0 °c | 23.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.39 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.07 बजे |



### भाजपा दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की बैठक

# ‘बूथ जीतो चुनाव जीतो ’ है 2024 का मंत्र : कर्मवीर सिंह

**10 जुलाई तक चलता रहेगा संपर्क से समर्थन अभियान**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के मोरहाबादी बोड़ेया रोड स्थित आशीर्वाद बैंक्वेट हॉल में शनिवार को भाजपा दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की बैठक हुई। बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि 2024 के चुनाव का बिगुल बज चुका है। उन्होंने संपर्क से समर्थन अभियान की तिथि को आगामी 10 जुलाई तक विस्तारित करने की घोषणा की। श्री सिंह ने कहा कि जनसंपर्क अभियान का रुझान स्पष्ट झलक रहा है। जनता भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा हम बूथ पर सक्रिय हों, मोदी जी के मंत्र को लेकर बार-बार हर घर के दरवाजे पर जायें। केवल वोट के लिए नहीं, जनता की सेवा के लिए, उनके सुख-दुख में सहभागी बनने के लिए। उन्होंने कहा कि बूथ जीता, चुनाव जीता यही 2024 का मंत्र है। श्री सिंह ने बैठक में 30 मई से 30 जून तक चले महा जनसंपर्क अभियान, बूथ सशक्तिकरण अभियान, आजीवन सहयोग निधि अभियान की भी समीक्षा की तथा सभी जिलों को समयबद्ध तरीके से अभियान को पूर्ण करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में अराजकता की स्थिति है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को स्थानीय जनसमस्याओं को लेकर मंडल, प्रखंड, जिलों में आंदोलन का आह्वान किया।

वहीं सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत का सर्वांगीण विकास हो रहा। कोई क्षेत्र भौगोलिक या प्रशासनिक रूप से विकास कार्यों से अछूता नहीं है। सांसद संजय सेठ ने कहा कि आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाएं सेवा भाव से धरातल पर उतारने का सार्थक प्रयास किया जा रहा। दुनिया आज भारत की प्रशंसा कर रही। विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। भारत की प्रगति सिर्फ भारत के लिए नहीं बल्कि दुनिया के लिए है। क्योंकि भारत वसुधैव कुटुंबकम में विश्वास करता है। कोरोना काल में दुनिया ने भारत के इस सोच को नजदीक से महसूस किया है।

बैठक में विधायक सीपी सिंह, कोचे मुंडा,समरी लाल, प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, प्रदेश मंत्री काजल प्रधान, कार्यालय मंत्री हेमंत दास, सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक, प्रतुल शाहदेव, संजीव विजयवर्गीय सहित प्रमंडल के विभिन्न जिलों में निवास करने वाले प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश मोर्चा पदाधिकारी, जिलों के प्रभारी, मोर्चा के जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री, निवर्तमान जिलाध्यक्ष, पूर्व सांसद,पूर्व विधायक एवं पिछले विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी रहे कार्यकर्ता, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री गण उपस्थित थे। बैठक का संचालन रांची महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने और धन्यवाद ज्ञापन रांची ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने किया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत अनूप अधिकारी, काजल प्रधान, चंद्रशेखर गुप्ता, लक्ष्मण बड़ाइक, वरुण साहू, नरेंद्र सिंह, मिसिर कुजूर ने किया। स्वागत भाषण लोहरदगा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने किया।

### भाजपा विधायक दल नेता ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# हाइकोर्ट के जज की अध्यक्षता में एसआइटी करे भूमि घोटाले की जांच : बाबूलाल मरांडी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी ने उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश की अध्यक्षता में एसआइटी गठित कर रांची सहित राज्य के अन्य जिले में हुए भूमि घोटाले की जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है।

बाबूलाल ने पत्र में लिखा है कि अखबारों में रांची में बड़े पैमाने में जमीन घोटाले की खबरें छपी हैं। जिससे आप भी अवगत होंगे। फिर भी अखबारों की कतरन पत्र के साथ भेज रहा हूं। भूमि घोटाले के संबंध में आपको समय-समय पर जानकारी देकर अंकुश लगाने का आग्रह किया है। दुर्भाग्य की बात है कि इस पर संज्ञान नहीं लिया गया। भू-माफिया, भ्रष्ट अधिकारियों और दलालों का संगठित गिरोह बनता गया। राज्य के देवघर, गिरिडीह, धनबाद, हजारीबाग, रांची और पलामू जैसे बड़े जिलों में यह गिरोह सक्रिय होकर जमीन का फर्जीवाड़ा कर अरबों रुपये की सरकारी एवं अन्य दूसरे की संपत्ति को लूटने में लगा रहा।

बाबूलाल ने पत्र में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन के मामले का जिक्र करते हुए कहा है कि इस मामले में भी आपको अगाह किया था। यह मामला सामने है। प्रवर्त्तन निदेशालय (इडी) द्वारा छापेमारी के दौरान एक दलाल अफसर अली के घर से जमीन के 36 डीड जब्त किये गये। इस डीड की जांच कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस द्वारा करने पर खुलासा हुआ कि डीड में छेड़छाड़ हुई है और जालसाजी की गयी है। इस बाबत इडी की अनुशंसा पर रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस कोलकाता ने वहां के हेयर स्ट्रीट थाने में 26 जून, 2023 को (कांड सं. 196/2023) अज्ञात जालसाजों पर मुकदमा दर्ज कराया है। बाबूलाल ने पत्र में लिखा है कि मैं कहना चाहूंगा कि इस तरह का फर्जीवाड़ा रांची में ही केवल नहीं हुआ है, बल्कि राज्य के अन्य जिलों में भी हुआ है। रांची तो केवल एक नमूना मात्र है। इडी के पास जमीन से जुड़े फर्जीवाड़े के इतने मामले आ रहे हैं कि इतने बड़े पैमाने पर हुए जमीन घोटाले की जांच किसी एक एजेंसी के बूते की बात नहीं दिखती है। ऐसी स्थिती में आपसे आग्रह होगा कि पूरे राज्य में हुए इस तरह के जमीन घोटाले की जांच हाइकोर्ट के वर्तमान न्यायाधीश की अध्यक्षता में एसआइटी गठित कर एक तय समय-सीमा के अंदर करवाने की व्यवस्था की जाये।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | अप्रिय प्रसंगों की प्राप्ति, नौकरी-व्यापार में अवरोध, परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता। |
| वृष | प्रॉपर्टी खरीदने का संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा। |
| मिथुन | कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण मिलेगा। |
| कर्क | महत्वकांक्षा पूरी होगी, नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है। |
| सिंह | रोजी-रोजगार में सफलता, रुका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। |
| कन्या | बाधित उन्नति, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, सुख-शांति का वातावरण रहेगा। |
| तुला | परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य संपन्न होगा, नौकरी में तरक्की। |
| वृश्चिक | जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा, संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। |
| धनु | शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय। |
| मकर | आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा। |
| कुंभ | इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा। |
| मीन | सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी। |

# कोलकाता डीड के नाम पर फर्जीवाड़ा करनेवालों की जांच हो: धर्मेंद्र तिवारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोलकाता डीड के नाम पर झारखंड में जमीन खरीद-बिक्री में जो भी फजीर्वाड़ा किया गया है, उन सभी की राज्य सरकार निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआइ को पत्र लिखे। ये बात भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कही है। धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि अभी तक की कार्रवाई में जो लोग पकड़े गये हैं, वह संख्या बेहद कम है। सच तो यह है कि इस फर्जीवाड़ा में सैकड़ों लोग शामिल हैं। इन लोगों ने कोलकाता डीड को आधार बना कर लोगों की जमीनें लूट लीं और धन्नासेठ बन गये। जमीन का घोटाला बहुत बड़ा घोटाला जान पड़ता है हर स्तर पर इसकी जांच हो।

**36 फर्जी डीड भी बरामद किये**

भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जिनके पास दो टाइम भोजन करने का भी पैसा नहीं था, वो अभी 25 लाख की गाड़ियों पर चल रहे हैं। जाहिर है, इन लोगों ने कोलकाता डीड के नाम पर जमीन की खरीद-फरोख्त में लंबा हाथ मारा है। इडी ने प्रारंभिक जांच में ही इतने लोग पकड़ लिए और 36 फर्जी डीड भी बरामद किये। उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि झारखंड में सरकारी जमीनों को लेकर कितने बृहत पैमाने पर खेल हुआ है।

**राज्य सरकार को भी अपनी एजेंसियों को लगाना चाहिए**

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अब जांच का दायरा बढ़ाया जाना चाहिए। इडी के अलावा राज्य सरकार को भी चाहिए कि वह अपनी एजेंसियों को जांच कार्य में लगाये ताकि यह पता चल सके कि कोलकाता डीड के नाम पर कितनी जमीन का वारा-न्यारा किया गया है। सरकार को चाहिए कि एक रजिस्टर्ड जमीन को जिन लोगों ने कोलकाता डीड के नाम पर अन्य लोगों को बेच दिया, उनकी भी जांच करायें और जिनके नाम से पहले से जमीन रजिस्टर्ड थी, उन सभी ओरिजनल भू-मालिकों को जमीन दिलायी जाये। जो भी इसमें दोषी पाये जाते हों, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाये, उनकी संपत्ति सीज कर ली जाये। सरकारी तंत्र पूरी तरह भू माफियाओं के साथ लिप्त है।

## नाइजीरिया के मॉरिश को नहीं मिली बेल, धोखाधड़ी केस में जेल में है बंद

**रांची।** धोखाधड़ी केस में रांची जेल में बंद नाइजीरिया के नागरिक को रांची सिविल कोर्ट ने बेल देने से इनकार कर दिया है। मॉरिश ने रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अधिवक्ता सौरव पांडेय और बीरेंद्र प्रताप सिंह के माध्यम से अपनी जमानत अर्जी दाखिल की थी, लेकिन दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने उसे बेल देने से इनकार करते हुए उसकी बेल अर्जी ठुकरा दी। बेल अर्जी ठुकराये जाने के बाद अब मॉरिश हाइकोर्ट में अपनी जमानत की गुहार लगा सकता है।

**13 मई को बरियातू पुलिस ने किया था गिरफ्तार**

बता दें कि नाइजीरिया के रहनेवाले व्यक्ति मॉरिश को बरियातू थाना की पुलिस ने 13 मई को गिरफ्तार किया था। मॉरिस की गिरफ्तारी की जानकारी नाइजीरिया के घाना स्थित दूतावास को भी दे दी गयी थी। मॉरिश के खिलाफ एक महिला ने उसके साथ पैसे की धोखाधड़ी करने की शिकायत बरियातू थाना में की थी।

**मॉरिश पर रोजी परवीन ने 1.70 लाख की ठगी करने का आरोप लगाया था**

दरअसल बरियातू थाना क्षेत्र के जोड़ा तालाब की रहनेवाली रोजी परवीन ने मॉरिश पर 1.70 लाख रुपये की ठगी करने का मामला दर्ज कराया था। मामले के अनुसंधान के दौरान पता चला कि एक अज्ञात व्यक्ति किसी को रोजी परवीन से 15 लाख लेने के लिए दिल्ली से रांची भेज रहा है। इसी क्रम में रोजी परवीन और एयरपोर्ट थाना की मदद से बरियातू थाना की पुलिस ने नाइजीरियन व्यक्ति को गिरफ्तार किया था।

# शिक्षाविद् प्रो सुरेश प्रसाद सिंह सम्मानित




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के भूगर्भ शास्त्र के पूर्व विभागाध्यक्ष और वीर कुंवर सिंह विवि आरा के पूर्व कुलपति प्रो सुरेश प्रसाद सिंह को संत जोसेफ कॉलेज तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु में सम्मानित किया गया। वह ‘डिजीटल इंडिया’ पर 27 और 28 जून को संपन्न राष्ट्रीय सेमिनार के मुख्य अतिथि और उद्घाटनकर्ता थे। संत जोसेफ कॉलेज दक्षिण भारत का एक बहुत ही प्रतिष्ठित कॉलेज और यूजीसी नैक द्वारा ए प्लस से स्वीकृत है। यह यूजीसी द्वारा घोषित पोर्टेंशियल ऑफ एक्सेलेंस भी है। विदित हो कि भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम, मुख्य चुनाव आयुक्त गोपालास्वामी तथा फिजिक्स के महान विद्वान प्रो जीएन रामचंद्रन इसी कॉलेज के विद्यार्थी रहे हैं। प्रो सिंह ने भारत के विकास में डिजिटल साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला।

# सीए नीरज मित्तल, राम प्रकाश और तारा चंद से फिर पूछताछ करेगी इडी, कोर्ट ने दी इजाजत


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार सीए (चार्टर्ड एकाउंटेंट) नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया और तारा चंद से इडी तीन दिनों तक पूछताछ करेगी। शनिवार को कोर्ट ने इसकी अनुमति दे दी है। इडी की ओर से तीनों अभियुक्तों को पांच दिनों की रिमांड लेकर पूछताछ की अनुमति मांगी गयी, जिसका नीरज मित्तल की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और राम प्रकाश भाटिया और तारा चंद की ओर से रिमांड अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने विरोध किया। वहीं इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका ने बहस करते हुए कहा कि तीनों आरोपियों से हुई अब तक की पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं। इसलिए इनसे और पूछताछ करनी जरूरी है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने इडी को तीन दिनों की रिमांड की अनुमति दी है। तीनों आरोपियों पर जेल में बंद निलंबित अभियंता प्रमुख बीरेंद्र राम के पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है।

**अमित अग्रवाल और दिलीप घोष की जमानत अर्जी पर 3 जुलाई को सुनवाई**

रांची। लैंड स्कैम के आरोपी कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष की जमानत अर्जी पर सोमवार 3 जुलाई को सुनवाई होगी। रांची पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में दोनों अभियुक्तों ने जमानत की गुहार लगायी है, जिस पर सुनवाई के लिए कोर्ट ने अब 3 जुलाई की तिथि मुकर्रर की है। बता दें कि इडी ने 7 जून को कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को कोलकाता से गिरफ्तार किया था। रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातू स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में रांची के पूर्व उपायुक्त आइएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल हो चुकी है।

# हीरोपंती में विलेन का किरदार निभाने वाले रांझा विक्रम सिंह पहुंचे रांची सिविल कोर्ट



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बॉलीवुड एक्टर रांझा विक्रम सिंह के खिलाफ दर्ज चेक बाउंस मामले की सुनवाई शनिवार को रांची सिविल कोर्ट स्थित मध्यस्थता केंद्र में हुई। मध्यस्थता केंद्र में शिकायतकर्ता और एक्टर रांझा विक्रम सिंह को बैठा कर सुलह और समझौता की पेशकश की गयी। हालांकि इस मध्यस्थता में कोई निर्णय नहीं निकला., लेकिन मध्यस्थों को यह उम्मीद है कि दोनों पक्ष सुलह कर सकते हैं। एक्टर रांझा विक्रम सिंह बॉलीवुड के अलावा कई तेलुगु और पंजाबी फिल्मों में भी काम कर चुके हैं। बॉलीवुड की हिट फिल्म हीरोपंती में इन्होंने विलेन का किरदार निभाया था।

**रांझा विक्रम ने फिल्म बनाने के नाम पर दो करोड़ 6 लाख लिये थे**

शिकायतकर्ता निलोय कुमार झा के मुताबिक, रांझा विक्रम सिंह ने बॉलीवुड फिल्म फौजी कॉलिंग बनाने के नाम पर दो करोड़ 6 लाख रुपये लिये थे। पैसे की लेनदेन साल 2019 में हुई थी। पैसे की मांग करने पर रांझा विक्रम सिंह ने एक करोड़ का चेक शिकायतकर्ता को दिया था, जो बाउंस हो गया। उसके बाद साल 2021 में शिकायतकर्ता ने एक्टर के खिलाफ चेक बाउंस का मामला दर्ज कराया था। अदालत से एक्टर को समन जारी हुआ था। साल 2022 में एक्टर रांझा विक्रम सिंह ने अग्रिम जमानत ली है।

# देवघर के लिए चलेगी श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन

### रेलवे स्टेशन पर होगी यात्रियों के ठहरने की सुविधा, डीआरएम ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

देवघर। देवघर में श्रावणी मेले को लेकर तैयारी जोरों पर है। इस दौरान स्पेशल ट्रेन चलेग, ताकि बाबा नगरी पहुंचने वाले भक्तों को किसी तरह की असुविधा ना हो। इस बार भी स्पेशल ट्रेन चलेगी और भक्तों की संख्या को देखते हुए मेला स्पेशल ट्रेन की संख्या इस बार और बढ़ायी जा सकती है।

**बढ़ेगी ट्रेन में बोगियों की संख्या**



आसनसोल डिवीजन के डीआरएम परमानंद शर्मा ने कहा, इस बार बोगियों की संख्या भी अधिक होगी, ताकि एक ट्रेन में ज्यादा से ज्यादा भक्त सवार होकर बाबानगरी पहुंच सकें। ट्रेनों के ठहराव के समय को भी बढ़ाया गया है, ताकि देवघर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की समस्या ना हो। स्टेशन में यात्रियों के रहने की भी व्यवस्था की जा रही है। यहां हर तरह की सुविधा होगी। इसके अलावा टिकट काउंटर की संख्या भी बढ़ायी जा रही है।

आसनसोल डिवीजन के डीआरएम परमानंद शर्मा ने जसीडीह स्टेशन का निरीक्षण किया है और कई जरूरी आदेश दिये हैं। आनेवाले समय में श्रावणी मेले को लेकर बढ़ने वाली भीड़ को परेशानी ना हो इसका विशेष ध्यान रखा गया है। डीआरएम ने स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्म, न्यू सर्कुलेटिंग एरिया, टिकट काउंटर, पोर्टिको सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं।

**सुविधाओं पर डीआरएम ने दिया जोर**

डीआरएम ने स्टेशन परिसर में लाइट, पंखा, बैठने की व्यवस्था, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, प्रतीक्षालय को साफ रखने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के बाद डीआरएम ने स्टेशन प्रबंधक कार्यालय में रेल अधिकारी और पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जल्द से जल्द सभी तैयारी पूरी करने के निर्देश दिये हैं।

# 4.03 करोड़ की लागत से 7 जेलों की सुरक्षा होगी मजबूत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 4.03 करोड़ की लागत से झारखंड के सात जेलों की सुरक्षा मजबूत की जायेगी। इसको लेकर गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया है। साथ ही राशि भी आवंटित कर दी गयी है। जिन जिलों में जेल की सुरक्षा मजबूत की जायेगी, उसमें दुमका, गुमला, खूंटी, लातेहार, चाइबासा, चतरा और जमशेदपुर का घाटशिला शामिल है। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि आवंटित राशि की निकासी संबंधित जिले के कोषागार से की जायेगी।

**इन जेलों की सुरक्षा व्यवस्था होगी मजबूत**

- दुमका केंद्रीय कारा
- गुमला मंडल कारा
- खूंटी उपकारा
- घाटशिला उपकारा
- चाइबासा मंडल कारा
- मंडल कारा लातेहार
- चतरा मंडल कारा

# राजभवन की गफलत

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने गुरुवार को अचानक जिस तरह से राज्य के एक मंत्री वी सेंथिल बालाजी को बर्खास्त करने का आदेश दिया, वह सकते में डालने वाला है। हालांकि इसके थोड़ी ही देर बाद, संभवतः गृह मंत्रालय के सुझाव पर, राज्यपाल ने यह कहते हुए अपने उस आदेश पर अमल रुकवा दिया कि वह इस पर कानूनी राय लेना चाहते हैं। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। राज्यपाल का आदेश निकल चुका था, जिससे हतप्रभ राज्य सरकार को समझ नहीं आ रहा था कि ऐसा कैसे हो गया? क्या वाकई राजभवन से मंत्रिमंडल की सलाह के बगैर ऐसा आदेश दिया जा सकता है? आदेश की पुष्टि होने के बाद मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की बात कही। गनीमत रही कि गृह मंत्रालय ने मामले की गंभीरता को समझा और उसकी सलाह पर राज्यपाल ने अपने कदम पीछे खींच लिए। लेकिन यह सवाल रह ही गया कि आखिर राज्यपाल कार्यालय अपनी कार्यसीमा, अधिकार क्षेत्र और संवैधानिक व्यवस्थाओं को समझने में इतनी बड़ी गलती कैसे कर सकता है? यह कोई राज की बात तो है नहीं कि देश में संसदीय लोकतंत्र की व्यवस्था को अपनाया गया है, जिसमें शासन की असल शक्तियां जनता द्वारा निर्वाचित संसद और विधानसभाओं में निहित होती हैं। रोजमर्रा के कामकाज के लिए मंत्रिमंडल इसका इस्तेमाल करता है, लेकिन वह अपने सभी फैसलों के लिए पूरी तरह संसद या विधानसभाओं के प्रति जवाबदेह होता है। राज्यपाल केंद्र के प्रतिनिधि के तौर पर राज्य में होता है और कुछ खास स्थितियों को छोड़ कर प्रशासनिक कार्यों में उसका कोई दखल नहीं होता। वह मंत्रिमंडल की सलाह पर ही फैसले करता है। यह व्यवस्था देश में शुरू से चली आ रही है। समय-समय पर कुछ जटिलताएं या अनिश्चितताएं सामने आती हैं, उस वजह से फैसले में या फैसले लेने की प्रक्रिया में गड़बड़ियां होती हैं तो उनके निपटारे के लिए न्यायपालिका है, जो अपना काम बखूबी करती रही है। राज्यपाल की भूमिका को लेकर भी समय-समय पर आये सुप्रीम कोर्ट के तमाम फैसले हैं, जो किसी बड़ी गलतफहमी की गुंजाइश नहीं रहने देते। इसके बावजूद अगर तमिलनाडु में राज्यपाल कार्यालय से इस तरह की गलती हो जाती है, तो संबंधित पक्षों के लिए यह चिंता की बात है। हालांकि राज्यपाल के फैसले पर विवाद का यह कोई पहला मामला नहीं है, अतीत में तमाम दलों की सरकारों के कार्यकाल में ऐसे विवाद सामने आते रहे हैं, लेकिन इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि पिछले कुछ समय से खास तौर पर उन राज्यों के राज्यपालों की भूमिका पर लगातार सवाल उठ रहे हैं, जहां गैर-बीजेपी दलों का शासन है। ऐसे में केंद्र सरकार और सत्तारूढ़ दल को शायद इस समस्या पर ज्यादा गंभीरता से गौर करने की जरूरत है।

**राज्यपाल की भूमिका को लेकर भी समय-समय पर आये सुप्रीम कोर्ट के तमाम फैसले हैं, जो किसी बड़ी गलतफहमी की गुंजाइश नहीं रहने देते। इसके बावजूद अगर तमिलनाडु में राज्यपाल कार्यालय से इस तरह की गलती हो जाती है, तो संबंधित पक्षों के लिए यह चिंता की बात है।**


अभिमत
आजाद सिपाही

**जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के एक कार्यक्रम में इस मुद्दे पर बोले तो फिर से पूरे देश मे इस पर चर्चा होने लगी है। एक देश, एक कानून का विचार आज आमतौर पर भारत के हर नागरिक के जेहन में है। प्रधानमंत्री का यह बयान 22वें विधि आयोग द्वारा 30 दिनों के भीतर यूसीसी पर जनता और मान्यता प्राप्त धार्मिक संगठनों के विचार आमंत्रित करने के एक सप्ताह बाद आया है।**

# देश की एकता और अखंडता के लिए जरूरी है एक देश, एक कानून



सूरज नाथ शाहदेव




आज भारत के कोने कोने में एक मुद्दे को लेकर बहस छिड़ी हुई है। इसके पक्ष और विपक्ष में लोग बंटे हुए है। वह मुद्दा है समान नागरिक संहिता। यह मुद्दा कोई नया नही है। इसका वर्णन देश के संविधान के 44 वें अनुच्छेद में भी किया गया है। 23 नवम्बर 1948 को दिल्ली के संसद भवन में यूनिफार्म सिविल कोड को लेकर विचार विमर्श किया गया था। इस मुद्दे के केंद्र में था कि समान नागरिक संहिता को संविधान में शामिल किया जाये या नहीं। संविधान की ड्राफ्टिंग कमिटी के चेयरमैन डॉक्टर बीआर आंबेडकर ने संविधान सभा की बैठक में समान नागरिक संहिता के पक्ष में जोरदार दलीलें दी थीं। इसके बावजूद ये लागू नहीं हो पाया था।

आज इस बात को आज 75 साल गुजर गये। लोग इसे भूल से गये थे लेकिन जब लॉ कमिशन के नये अध्यक्ष जस्टिस (रिटायर्ड) ऋतु राज अवस्थी ने जैसे ही इस मुद्दे पर आम लोगों की सलाह मांगी, इस पर फिर से डिबेट शुरू हो गयी। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के एक कार्यक्रम में इस मुद्दे पर बोले तो फिर से पूरे देश मे इस पर चर्चा होने लगी है। एक देश, एक कानून का विचार आज आमतौर पर भारत के हर नागरिक के जेहन में है। प्रधानमंत्री का यह बयान 22वें विधि आयोग द्वारा 30 दिनों के भीतर यूसीसी पर जनता और मान्यता प्राप्त धार्मिक संगठनों के विचार आमंत्रित करने के एक सप्ताह बाद आया है। फिलहाल भारत में ऐसा चर्चा है कि केंद्र सरकार जल्द इस दिशा में आगे बढ़ सकती है। इसके लागू होते ही विवाह, संपत्ति का बंटवारा, बच्चा गोद लेना और तलाक जैसे विषयों पर एक कानून होगा। यहां धर्म के आधार पर अलग-अलग कानून है। देश के नागरिकों को उम्मीद इसलिए भी है कि मोदी सरकार अपने अतीत में लिये गये कई सख्त फैसलों के लिए जानी जाती है।

**दुनियां में भारत एक मात्र ऐसा देश है, जहां अलग अलग धर्म और जाति के लिए अलग अलग कानून है।**

**क्या है समान नागरिकता संहिता?**

समान नागरिकता संहिता का अर्थ होता है भारत में रहने वाले हर नागरिक के लिए एक समान कानून होना, चाहे वह किसी भी धर्म या जाति का क्यों न हो। समान नागरिक संहिता में शादी, तलाक और जमीन-जायदाद के बंटवारे में सभी धर्मों के लिए एक ही कानून लागू होगा। इसका अर्थ है एक निष्पक्ष कानून है, जिसका किसी धर्म से कोई ताल्लुक नहीं है।

दरअसल, दुनियां में भारत एक मात्र ऐसा देश है, जहां अलग अलग धर्म और जाति के लिए अलग अलग कानून है। दुनियां के किसी भी देश में जाति और धर्म के आधार पर अलग-अलग कानून नहीं है, लेकिन यहां अलग-अलग पंथों के मैरिज एक्ट हैं। इस वजह से विवाह, जनसंख्या समेत कई तरह का सामाजिक ताना-बाना भी बिगड़ा हुआ है। इसीलिए देश के कानून में एक ऐसे यूनिफॉर्म तरीके की जरूरत है जो सभी धर्म, जाति?, वर्ग और संप्रदाय को एक ही सिस्टम में लेकर आये। इसके साथ ही जब तक देश के संविधान में यह सुविधा या सुधार नहीं होगा, भारत के पंथ निरपेक्ष होने का अर्थ भी स्पष्ट तौर पर नजर नहीं आयेगा। इसके साथ ही अलग-अलग धर्मों के अलग कानून से न्यायपालिका पर बोझ पड़ता है। इस परेशानी से निजात मिलेगी और अदालतों में लंबित पड़े फैसले जल्द होंगे। शादी, तलाक, गोद लेना और जायदाद के बंटवारे में सबके लिए एक जैसा कानून होगा फिर चाहे वो किसी भी धर्म का क्यों न हो। हिंदू धर्म मे दो शादी करने पर मनाही है, लेकिन इस कानून को धत्ता बताने के लिए लोग धर्म परिवर्तन करके दूसरी शादी कर लेते है। वर्तमान में एक विशेष धर्म के लोग इन मामलों का निपटारा अपने पर्सनल लॉ यानी निजी कानूनों के तहत करते हैं।

**डॉक्टर आंबेडकर ने समान नागरिक संहिता को बताया था जरूरी**

संविधान सभा की बहस में आंबेडकर के बयान का हवाला देते हुए 2018 के कंसल्टेशन पेपर पर कहा गया। 'संविधान सभा में बहस के दौरान आंबेडकर की राय ये थी कि समान नागरिक संहिता जरूरी है लेकिन इसे स्वैच्छिक बनाया रखा जाना चाहिए।' 23 नवंबर 1948 को डॉक्टर भीमराव आंबेडकर ने संविधान सभा की बहस में समान नागरिक संहिता के पक्ष में जोरदार दलीलें दी थीं।

**1937 से पहले मुस्लिमों पर भी लागू थे हिंदू कानून**

संविधान सभा में कुछ सदस्यों खासकर मुस्लिमों के विरोध पर आंबेडकर ने यूसीसी को धीरे-धीरे लागू करने की सलाह दी थी, तब आंबेडकर ने कहा था कि भविष्य में संसद इस तरह से शुरुआत कर सकती है कि ये संहिता स्वैच्छिक होगी। सिर्फ उन लोगों पर लागू हो जो हलफनामा देकर कहे कि वे इसे मानने के लिए तैयार है। आंबेडकर ने कहा था कि ये कोई नया तरीका नहीं है। 1937 के शरियत ऐक्ट में ये तरीका अपनाया जा चुका है। शरियत ऐक्ट 1937 नॉर्थ-वेस्ट फ्रंटियर प्रॉविंस को छोड़कर पूरे भारत में लागू था। कानून में कहा गया था कि ये सिर्फ उन मुसलमानों पर लागू होगा जो शरिया कानून को चाहते थे। इसके लिए उन्हें एक हलफनामा देना होता था कि वे इसे मानने के लिए तैयार हैं। उसके हलफनामा देने के बाद ये कानून उसके और उसके उत्तराधिकारियों पर लागू हो जाता था।

डॉक्टर आंबेडकर ने आगे कहा था, 'शरियत ऐक्ट 1937 से पहले देश के तमाम हिस्सों में मुस्लिमों पर हिंदू कानून ही लागू होता था। उत्तराधिकार के मामले में यूनाइटेड प्रॉविंस, सेंट्रल प्रॉविंस और बॉम्बे जैसे तमाम हिस्सों में मुस्लिमों पर भी हिंदू कानून लागू होता था। यहां तक कि उत्तराधिकार से जुड़ा मरुमक्कथायम सिस्टम (एक मातृसत्तात्मक सिस्टम) कई दक्षिण भारतीय राज्यों में प्रचलित था जो हिंदुओं के साथ-साथ मुस्लिमों पर भी लागू था।

**समान नागरिक संहिता से क्या लाभ होगा?**

यूनिफार्म सिविल कोड लागू होने से सभी समुदाय के लोगो को एक समान अधिकार दिए जायेंगे। लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा। समान नागरिक सहिंता लागू होने से भारत की महिलाओं की स्थिति में सुधार होगा। कानूनों में सरलता और स्पष्टता आयेगी। सभी नागरिकों के लिए कानून समझने में आसानी होगी। व्यक्तिगत या धर्म कानूनों के आधार पर होने वाले भेदभाव को समाप्त किया जा सकेगा। कानून के तहत सभी को सामान अधिकार दिये जायेंगे। कुछ समुदाय के पर्सनल लॉ में महिलाओं के अधिकार सीमित है। ऐसे में यदि समान नागरिक संहिता लागू होता है, तो महिलाओं को भी समान अधिकार लेने का लाभ मिलेगा। महिलाओं का अपने पिता की सम्पति पर अधिकार और गोद लेने से संबंधी सभी मामलों में एक सामान नियम लागू हो जायेंगे। मुस्लिम समाज में बेटी की शादी की न्यूनतम आयु 9 साल है। यूसीसी लागू होने से मुस्लिम लड़कियों की छोटी आयु में विवाह होने से रोका जा सकेगा। लड़कियों की शादी की उम्र बढ़ा दी जायेगी, ताकि वह कम से कम ग्रेजुएट हो जाएं. ग्राम स्तर पर शादी के रजिस्ट्रेशन की सुविधा होगी। बगैर रजिस्ट्रेशन के सरकारी सुविधा बंद हो जायेगी। पति-पत्नी दोनों को तलाक के समान आधार और अधिकार उपलब्ध होंगे। अभी पर्सनल लॉ बोर्ड में अलग-अलग कानून हैं। बहुविवाह पर पूरी तरह से रोक लग जायेगी। उत्तराधिकार में लड़के-लड़की की बराबर की हिस्सेदारी (पर्सनल लॉ में लड़के का शेयर ज्यादा होता है) होगी। नौकरीपेशा बेटे की मौत पर पत्नी को मिलने वाले मुआवजे में माता-पिता के भरण-पोषण की जिम्मेदारी भी शामिल होगी। पत्नी की मौत के बाद उसके अकेले माता-पिता का सहारा महिला का पति बनेगा। धार्मिक रूढ़ियों के कारण समाज के किसी वर्ग के अधिकारों के हनन को रोका जा सकेगा। मुस्लिम समाज में अभी भी कई तरह के तलाक हो रहे हैं, जिनका खामियाजा मुस्लिम महिलाओं को भुगतना पड़ रहा है। यूसीसी के लागू होने से सभी समुदाय में तलाक की प्रक्रिया एक जैसे होगी।

**(लेखक : बड़कागढ़ रैयत जनमंच, झारखंड के महासचिव हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### स्कूल में चिप्स खाते-खाते छात्रा हुई बेहोश, अस्पताल में तोड़ा दम

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड के जमशेदपुर शहर में एक स्कूल की छात्रा ने चिप्स खाने के बाद दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि छात्रा ने टिफिन में चिप्स खाया था, जिसके बाद वह बेहोश हो गयी। उसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार, आदिवासी प्लस 2 हाई स्कूल सीतारामडेरा की 9वीं की छात्रा कृतिका कुमारी (14) शनिवार को स्कूल में चिप्स खाने के बाद बेहोश हो गयी थी। बेहोशी की हालत में उसे स्कूल से इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। छात्रा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

एमजीएम अस्पताल में पहुंचे शिक्षकों ने बताया कि कृतिका शनिवार को क्लास रूम में चिप्स खा रही थी। चिप्स खाते-खाते वह बेहोश हो गयी थी। इसके बाद, छात्रों ने घटना की जानकारी स्कूल के शिक्षकों को दी। शिक्षक उदित नारायण अपने दो शिक्षकों के साथ उसे लेकर एमजीएम अस्पताल पहुंचे थे। यहां पर डॉक्टरों ने छात्रा की जांच की। डॉक्टरों ने छात्रा को इंजेक्शन लगाया। इसीजी करते समय ही डॉक्टरों ने कृतिका को मृत घोषित कर दिया। इधर स्कूल के प्रधानाध्यापक छोटन लोहरा ने बताया कि कृतिका पहले से ही दिल की बीमारी से ग्रसित थी। शायद गर्मी अधिक होने के कारण वह बेहोश हो गयी थी। बेहोशी के बाद शिक्षकों ने 10 मिनट के अंदर एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। इलाज के क्रम में ही उसकी मौत हो गयी। मामले की छानबीन जारी है।

### चांडिल डैम के विस्थापितों ने सुवर्णरखा प्रशासक कार्यालय का घेराव किया



आजाद सिपाहीसंवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले में चांडिल डैम के विस्थापितों ने अपनी मांग को लेकर आदित्यपुर स्थित सुवर्णरखा के प्रशासक कार्यालय के मुख्य गेट जमाकर विरोध प्रदर्शन किया। शनिवार को विरोध प्रदर्शन के दौरान सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे। वही विस्थापितों के नेतृत्वकर्ता राकेश रंजन ने कहा कि सुवर्णरखा परियोजना के अधिकारी 40 साल से हमारे पूर्वजों को ठग रहे हैं। उन्होंने पूर्वजो से जबरन जमीन छीन लिया और बदले में विकास पुस्तिका थमा दी, लेकिन विकास पुस्तिका के अनुसार किसी को न नौकरी मिली न मुआवजा दिया गया। उन्होंने कहा अब तक डैम के अधीन आने वाले 116 गांव और 84 मौजा के लोगों को पुनर्वासित भी नहीं कराया गया।

### जर्मनी से स्वर्ण पदक जितने वाली पूनम तिवारी को विधायक ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जर्मनी के राजधानी बर्लिन में स्पेशल ओलंपिक्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारत की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाली जमशेदपुर के टेल्को निवासी पूनम तिवारी ने दो स्वर्ण पदक जीत कर झारखंड और देश का नाम रोशन किया है। शनिवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंद्री ने महिला खिलाड़ी के हौसला अफजाई करते हुए उनके घर पहुंच कर उन्हें शॉल ओढ़ाकर और घड़ी भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर विधायक श्री कालिंदी ने बधाई देते हुए कहा कि झारखंड में हेमंत सरकार खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। बैडमिंटन प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले महिला खिलाड़ी को किसी प्रकार सहायता की जरूरत पड़ने पर सहयोग किया जायेगा। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि पूनम तिवारी ने झारखंड सहित पूरे देश का मान सम्मान बढ़ाया। यह उनकी कड़ी मेहनत और संघर्ष का नतीजा है। मौके पर धर्म तिवारी, रजत प्रसाद, जयदिप महतो, सागर महतो,रमेश हांसदा, अनमोल केरकट्टा सहित अन्य शामिल रहे।

### रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ने रक्तदान शिविर लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** शहर में रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर मिडटाउन, ललित नारायण मिश्रा सांस्कृतिक एवं सामाजिक कल्याण समिति और एलबीएसएम कॉलेज के द्वारा कॉलेज परिसर में संयुक्त रूप से रोटरी वर्ष 23-24 की शुरूआत की गई। शनिवार को कार्यक्रम के दौरान एक मेगा रक्तदान शिविर, सार्वजनिक सकारात्मक स्वास्थ्य कार्यक्रम और वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। वही डॉक्टरस और सीए दिवस के अवसर पर शहर के प्रमुख्य डॉक्टरों और सीए को सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर का नेतृत्व डॉ.ज्योति व उनकी टीम के द्वारा किया गया। मौके पर 112 यूनिट रक्त संग्रह व 76 मरीजों की जांच की गयी। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर एलबीएसएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक झा,कोल्हान विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ.अजय कुमार चौधरी, डॉ बी के सिंह,राजकुमार, बिमल जलान, डॉ डी के मिश्रा और उपस्थित सभी लोगो को स्वागत किया गया। मौके पर डॉ. अशोक झा ने रोटरी क्लब के द्वारा किय गये कार्यों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समाज में डॉक्टरों के महत्व और महामारी के दौरान उनके बलिदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था की प्रगति में सीए का महत्वपूर्ण योगदान है। मौके उन्होंने विद्यार्थियों को वार्षिक छात्रवृत्ति के बारे में भी जानकारी दी। डॉ चौधरी ने कहा स्वस्थ व सुरक्षित जीवन जीने के लिए स्वास्थ्य और वित्त को मजबूत करने की जरूरत है। वही किरण दृष्टि वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया गया। निधि राज ने पत्रिका का परिचय व संस्था के उद्देश्य के बारे में बताया।

### छापेमारी में नकली कीटनाशक बरामद



**भदानीनगर(आजाद सिपाही संवाददाता)।** ओपी क्षेत्र में संचालित नकली कीटनाशक फैक्ट्री का मामला उजागर हुआ है। पुलिस ने शनिवार को लपंगा बस्ती में छापेमारी कर एक मकान में चल रहे नकली कीटनाशक फैक्ट्री में छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली कीटनाशक बरामद किया है। मामले में फैक्ट्री संचालक को गिरफ्तार किया गया है। जब्त नकली कीटनाशक की बाजार कीमत लगभग एक लाख बताई जा रही है।

### पुलिस की तत्परता से घायल युवक का समय पर हुआ इलाज

**कोडरमा(आजाद सिपाही संवाददाता)**तिलैया थाना क्षेत्र के भदानी रोड सद्गुरु मेडिकल के निकट सर फटा अचेतावस्था में सड़क पर घायल पड़ा एक युवक की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस की तत्परता से तत्काल इलाज मुहैया हो सका। फिलहाल प्राथमिक उपचार के बाद युवक की पहचान के लिए पुलिस के द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। घटना शनिवार देर शाम 7:30 बजे की बताई जाती है। पुलिस ने अपने स्लोगन ҈सेवा ही लक्ष्य है हमारा҈ को साक्षात प्रदर्शित किया। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची अवर निरीक्षक आनंद मोहन सहित पुलिस बल की तत्परता देख आसपास खड़े लोग पुलिस की कार्यशैली की खूब सराहना की। पुलिस ने बताया कि युवक की पहचान आजाद मोहल्ला निवासी रवि सिंह पिता अशोक सिंह के रूप में की गई है।

### भारतीय स्टेट बैंक की 68वीं वर्षगांठ पर रक्तदान शिविर का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भारतीय स्टेट बैंक के 68वें वर्षगांठ पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शनिवार बिस्टुपुर स्टेट बैंक परिसर में आयोजित शिविर में क्षेत्रीय प्रबंधक क्षेत्र 4 सुनील कुमार आजाद, सहायक महाप्रबंधक आर ए सी पी सी दीपक कुमार, सहायक महाप्रबंधक एस एम ई सी सी श्रीमति कविता कुमारी, सहायक महाप्रबंधक जमशेदपुर शाखा नवतेज विक्रम और सहायक महाप्रबंधक सुशांत कुमार पटनायक अतिथि के तौर पर शामिल हुए। मौके पर सभी अतिथियों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया। बीते 2 वर्ष कोरोना काल के बाद शिविर में करीब 65 लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर बैंक कर्मियों ने रक्तदान कर समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। मौके पर टी.शशि कुमार, नंदु विराम राठौड़, सौरभ चटर्जी,सरोज कुमार राय, अमित कुमार, मनोज कुमार,विनय कुमार वर्मा, रविशंकर,कृष्णा सिंह, प्रहलाद लागुरी, रविनंदन प्रसाद, कृष्ण कुमार अग्रवाल, अनुप दास, निशांत राज चौधरी,कमलेश राम, समरेस सिंह, हरेंद्र कुमार सिंह, रजनीश रंजन,संजय राय, श्रीमति अनीता राय, श्रीमति प्रज्ञा, रींटु कुमार रजक सहित भारतीय स्टेट बैंक प्रबंधन और कर्मचारी ने भाग लिया।

### कदमा में हत्या मामले का पुलिस ने किया खुलासा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में एसपी प्रभात कुमार के नेतृत्व में जमशेदपुर पुलिस लगातार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। शनिवार को कदमा रामजनम नगर निवासी आकाश हत्या कांड के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने कारवाई करते हुए हत्याकांड में शामिल मंझला उर्फ जबू सिंह भूमिज, समीर गोप व मंगला पात्रो गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार व पत्थर सहित अन्य सामान बरामद कर लिया। मौके पर ग्रामीण एसपी मुकेश लुणायत ने बताया मंझला उर्फ जंबू सिंह के साथ आकाश का पुराना विवाद चल रहा था। जिसको लेकर उसने आकाश हत्या की थी। पुलिस के द्वारा पूछताछ में हत्या के पूर्व जंबू ने आकाश की रेकी करने की बात कही। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों को जेल भेज दिया।

## रमकंडा से जल संरक्षण महाअभियान की शुरुआत

# वैश्विक है पानी की समस्या, मिलकर करें समाधान : मंत्री

**जल संरक्षण की ढाई हजार योजनाओं हुई शुरुआत**

**650 एकड़ भूमि पर होगा पौधरोपण, परिसंपत्तियों का वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के रमकंडा प्रखंड अंतर्गत चेटे पंचायत मुख्यालय में शनिवार को आयोजित जनसंवाद और जल संरक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक सह पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया। समारोह में डीसी शेखर जमुआर, एसी पंकज कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक दिनेश प्रसाद सुरीन, डीएफओ साउथ शशि कुमार, प्रखंड प्रमुख सुरजी देवी, बीडीओ पुष्कर सिंह मुंडा, मुखिया कामेश कोरवा आदि भी मौजूद थे। मंत्री ने चेटे पंचायत परिसर में पौधरोपण भी किया।

मौके पर मंत्री ने कहा कि पेयजल वैश्विक समस्या है। इसका समाधान यदि हम नहीं करते हैं, तो भविष्य में स्थिति भयावह हो जायेगी। इसलिए पौधरोपण और जल संग्रहण अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इससे पेयजल की समस्या हल होगी और भावी पीढ़ियों को इस समस्या से नहीं जूझना होगा। मंत्री ने कहा कि जल है तो कल है। जल के बिना भविष्य की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज से जल संरक्षण महाअभियान की शुरुआत की गयी है। इसमें गढ़वा जिला सहित संपूर्ण राज्य के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों से कम से कम एक एक पौधा लगाकर उसे संरक्षित करने की अपील की।





### जन संवाद में कई शिकायतें आयीं

जन संवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने राशन, पेंशन, सड़क निर्माण, पुल निर्माण सहित अन्य समस्याओं को उठाया। इस दौरान मंत्री ने सरकारी योजनाओं से आच्छादित नहीं होने या किसी कारणवश छूट गये लोगों को तत्काल लाभान्वित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। कुछ मामलों को तो तत्काल ही निबटाया गया। उपायुक्त ने कहा कि संपूर्ण जिला में जल संग्रहण की योजना, सोक पिट, वर्मी कंपोस्ट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पंचायत भवन में पौधरोपण आदि के साथ-साथ बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत वृक्षारोपण की योजना वृहत पैमाने पर शुरू की जा रही है। उन्होंने बताया कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत जिले की 142 पंचायतों में 650 एकड़ भूमि में पौधरोपण किया जा रहा है। रंका एसडीओ राम नारायण सिंह ने भी विचार व्यक्त किया।

### 3581 नयी योजनाओं की मिली स्वीकृति

इस कार्यक्रम में बिरसा हरित ग्राम योजना, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, बर्मी कंपोस्ट, सोख्ता गड्ढा और पौधरोपण आदि की कुल 3581 योजनाओं को मंजूरी दी गयी। इसमें बरडीहा प्रखंड में 126, बड़गड़ प्रखंड में 60, भंडरिया में 128, भवनाथपुर में 276, विशुनपुरा में 67, चिनिया में 239, डंडा में 30, डंडई में 302, धुरकी में 89, गढ़वा में 374, कांडी में 94, केतार में 223, खरौंधी में 109, मझिआंव में 354, मेराल में 368, नगर उंटारी में 107, रमकंडा में 209, रमना में 87, रंका में 262 तथा सगमा में 77 योजनाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त जल संचयन की लगभग ढाई हजार योजनाओ की शुरुआत की गयी। इस दौरान मंत्री ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। मौके पर मुख्य रूप से उक्त सहित जिला एवं प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारी, कर्मी, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिप उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, रेखा चौबे सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## रंका में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म

**रंका/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रंका थाना क्षेत्र के सिंजो गांव निवासी विनोद यादव पिता चांदसी यादव ने 29 जून की संध्या बेला में शौच करने निकली गांव के ही आदिम जनजाति 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को अगवा कर जंगल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने की मामला प्रकाश में आया है । इसके संबंध में नाबालिग 16 वर्षीय पीड़िता ने रंका थाना में विनोद यादव के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसके संबंध में रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि पीड़िता के कहने पर पोक्सो एक्ट के तहत रंका थाना कांड संख्या 100/2023 मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पीड़िता आदिम जनजाति के 16 वर्षीय नाबालिक लड़की है। जो शौच करने निकली थी और मौका का फायदा उठाते हुए विनोद यादव ने पकड़ कर उसे जंगल में ले गया और दुष्कर्म किया । उन्होंने बताया कि अभियुक्त फरार है । पुलिस गिरफ्तारी के लिए अग्रेतर करवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि दुष्कर्मी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## बंशीधर नगर में बीएलओ को एप संचालन संबंधी प्रशिक्षण दिया गया



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 180 से 209 तक के बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षकों को बीएलओ एप संचालन सबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित बीएलओ को प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम तथा कंप्यूटर ऑपरेटर मुखलाल उरांव ने प्रशिक्षण दिया। बीडीओ ने सभी बीएलओ कोअपने मोबाइल के माध्यम से मतदान केन्द्र में उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं को अपडेट करने तथा मतदाताओं के सत्यापन हेतु हाउस टू हाउस जाने का निर्देश दिया। उन्होंने बीएलओ एप के माध्यम से सभी योग्य व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिये प्रपत्र 6 भरने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण में बीएलओ फूलकुमारी देवी, बबिता देवी, जीवनलता तिर्की, सुषमा देवी, रीना देवी, आशा देवी, रेखा देवी, नैना देवी, सरोज देवी, मीना देवी, सीमा देवी, आसमा खातून सहित सभी बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

## केतार की पंचायतों में किया गया पौधरोपण

**केतार (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला में भूगर्भ जल का स्तर में लगातार नीचे जा रहा है। जलस्तर कम होने के कारण जिले को भीषण पेयजल समस्या से जूझना पड़ रहा है। इस समस्या का प्रमुख कारण विगत वर्षों में कम बारिश होना तथा बारिश के जल का संरक्षण नहीं करना है। जिले में उत्पन्न जल संकट के समाधान के लिए एक जुलाई को जल संरक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। केतार प्रखंड के सातो पंचायत सचिवालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। साथ ही जल संग्रहण की योजना यथा- सॉकपीट, वर्मी कम्पोस्ट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, के साथ-साथ बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत वृक्षारोपण की योजना वृहत पैमाने पर लेआउट का कार्य किया गया।

## जल संरक्षण की 368 योजनाओं की दी स्वीकृति

बलराम शर्मा



**मेराल (आजाद सिपाही)।** एक सप्ताह तक चलने वाला वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत शनिवार को बीडीओ और सीओ के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा प्रखंड तथा पंचायत मुख्यालय में पौधरोपण कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम के तहत प्रखंड तथा पंचायत मुख्यालय पर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ पौधरोपण कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया वही इससे संबंधित प्रखंड के सभी 20 पंचायतों में 368 योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गयी। जिनमें बिरसा हरित ग्राम योजना, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वर्मी कंपोस्ट, सूखा गड्ढा तथा वृक्षारोपण की योजनाएं शामिल हैं। प्रखंड सह मेराल पूर्वी पंचायत मुख्यालय के वृक्षारोपण कार्यक्रम में सीओ निकिता बाला, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, मुखिया रामसागर महतो, अभियंता देवनाथ गौतम था वार्ड सदस्यों के द्वारा करीब एक दर्जन पौधे लगाए गए।साथ ही सभी पंचायत मुख्यालयों पर मुखिया, बीडीसी, वार्ड सदस्यों द्वारा पौधे लगाए। उस मौके पर बीडीओ द्वारा जल संरक्षण तथा पर्यावरण संतुलन के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम को सफल बनाने तथा लगाए गए पौधों का संरक्षण करने की अपील किया गया।

## बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत लगाये पौधे

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत प्रखंड के कुम्बा पंचायत के कोरेया ग्राम में सत्यनारायण प्रसाद यादव के खेत मे आम बागवानी के लिये आम का पौधा लगाकर शुभारंभ किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम, बीपीओ राजदीप कुमार, मुखिया विवेक कुमार ने संयुक्तरूप से पौधारोपण किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिये राज्य सरकार ने बिरसा हरित ग्राम योजना की शुरूआत किया है। इस योजना से किसान काफी लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम बागवानी से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रखंड के सभी पंचायतों के पंचायत सचिवालय परिसर में आज पौधारोपण किया गया है, उन्होंने कहा कि आम बागवानी, सोखता, मेड़बंदी, टीसीबी सहित अन्य योजनाओं का शुभारंभ भी किया गया है। पंचायत के मुखिया विवेक कुमार ने कहा कि सत्यनारायण यादव के एक एकड़ रैयती भूमि पर फलदार पौधे लगाकर आम बागवानी का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी को विशेष महत्व दिया गया है। मौके पर बीपीओ राजदीप कुमार, मुखिया विवेक कुमार, पंचायत सेवक उत्तम रंजन, रोजगार सेवक संजीत कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## लायंस क्लब ने चिकित्सकों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर सदर अस्पताल के चिकित्सकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर डा. दिवाकर, डा. नंद किशोर रजक, डा. ज्वाला प्रसाद सिंह, डा.रामविनोद सिंह, डा. निशांत सिंह, डा. अमित कुमार, डा. वीरेंद्र राम, डा.शमशेर सिंह, डा. विजय भारती, डा.नीतू सिंह, डा. निखत परवीन, डा. टी पीयूष, डा. स्नेहलता, डा. अरशद अंसारी को शॉल ओढ़ाकर व बुके देकर समाजसेवी सह लायंस क्लब के पदाधिकारी राकेश पाल ने सम्मानित किया । मौके पर बोलते हुए लायंस क्लब के पदाधिकारी राकेश कुमार पाल ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी लायंस क्लब द्वारा अभियान चलाकर कार्यक्रम किया जा रहा है। लायंस क्लब द्वारा बेहतर कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब के अभियान के प्रथम दिन शनिवार को डॉक्टर्स डे के अवसर पर पौधरोपण किया गया। पौधरोपण करने के बाद चिकित्सकों को सम्मनित किया गया। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब द्वारा अस्पताल परिषद में छायादार व फलादार पौधा लगाया गया है। इस मौके पर पूर्व लायन जिलापाल डा. आर एन एस दिवाकर, डा. नंदकिशोर रजक, डा. ज्वाला प्रसाद, समाजसेवी राजू चौबे, राजेश कुमार गुप्ता, ज्योति प्रकाश, सरोज सिंह, आशीष कुमार, पूनमचंद, संतोष कश्यप, अनिल सोनी, देवेंद्र गुप्ता, विश्वास शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों ने किया रक्तदान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शनिवार एक जुलाई डॉक्टर्स डे के शुभ अवसर पर गढ़वा ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन यानी की आइएमए के सभी डॉक्टर्स सदर अस्पताल परिसर के सभागार में एकत्रित हुए सभी चिकित्सकों ने मिलकर डॉक्टर्स डे के शुभ अवसर पर केक काटा और एक दूसरे को निस्वार्थ रूप से समाज के प्रति समर्पित होकर काम करने के लिए बधाई दी। गढ़वा जिले के सरकारी और निजी चिकित्सक एक दूसरे के कार्य की सराहना की और समाज के हित में मिलजुल कर कार्य करने की कसम खायी।

इस अवसर पर जानकारी देते हुए एआइएमए के जिला सचिव डॉ कुमार निशांत सिंह ने बताया कि पूरे देश में 1 जुलाई डॉक्टर्स डे के शुभ अवसर पे चिकित्सकों ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। इसी को लेकर गढ़वा ब्लड बैंक परिसर में भी आइएमए गढ़वा ने सामूहिक रक्तदान शिविर की शुरूआत करते हुए अपने द्वारा 14वा रक्तदान किया। रकदान करने वाले चिकिस्कों में डॉ टी पीयूष, डा वीरेंद्र ने रक्तदान किया। महिला चिकित्सक में डॉक्टर नीतू सिंह, डॉ स्नेह लता, डॉक्टर निखत प्रवीण ने रक्तदान किया। इस कार्यक्रम मैं आइएमए अध्यक्ष डॉक्टर दिवाकर, डॉक्टर एनके रजक, जेपी सिंह डॉक्टर रागिनी, डाक्टर आरके तरुण, डॉक्टर अमित, डॉक्टर पीयूष, डॉ प्रशांत, डॉ शमशेर, डॉ अरशद, डॉक्टर असजाद, डॉ राम विनोद, डॉक्टर नाथन शाह, डॉक्टर माया पांडे, डॉक्टर भारती, और अन्य लोगों ने भाग लिया।

## हरिहरपुर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवादाता

**हरिहरपुर।** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण गढ़वा, उपायुक्त गढ़वा के निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रखंडो के सभी पंचायतों के परिसर में शनिवार को वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया ।

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत कार्यालय के परिसर में शनिवार को विभिन्न प्रकार के किस्मों के वृक्षारोपण किया गया। इसके साथ-साथ प्रखंड और पंचायत स्तर पर जल स्तर को रिचार्ज करने के लिए रैनवाटर हार्वेस्टिंग, वर्मी कम्पोस्ट पिट, सोख्ता और बिरसा हरित ग्राम योजना को अभियान चलाकर पूर्ण कराने हेतु जागरूक भी किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में पंचायत की मुखिया रीता देवी, पंचायत सेवक राजेंद्र राम, रोजगार सेवक राजेश शुक्ला, पंचायत समिति सदस्य पश्चिमि पवित्री देवी समाज सेवी शंभूनाथ साह व सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

**कार्यालय नगर परिषद्, चतरा**
पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)- 825401
दुरभाष : 06541–253030, ई-मेल : npchatra@gmail.com

**तृतीय आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी फुटपाथ विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, चतरा क्षेत्रान्तर्गत चतरा महाविद्यालय चतरा के पास निर्मित Vending Zone में स्टॉल (चबूतरा 8"x6" लॉकर सहित) का आवंटन फुटपाथ विक्रेताओं को किया जाना है। उक्त स्टॉल (चबूतरा, लॉकर सहित) प्राप्ति हेतु फुटपाथ विक्रेताओं के पास नगर परिषद्, चतरा के द्वारा निर्गत Vendor Certificate (प्रमाण पत्र) एवं ID Card का होना अनिवार्य है।

अतः उक्त के आलोक में नगर परिषद्, चतरा क्षेत्रान्तर्गत इच्छुक सभी फुटपाथ विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि उक्त निर्मित Vending Zone में स्टॉल (चबूतरा, लॉकर सहित) आरक्षित कराने हेतु अपना Vendor Certificate (प्रमाण पत्र), ID Card, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करते हुए दिनांक– 12.07.2023 तक नगर परिषद्, चतरा कार्यालय में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

नोटः– अधिक जानकारी के लिए निम्नांकित पदाधिकारी / कर्मी से संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

1. श्रीमती पिंकी सिन्हा, नगर मिशन प्रबंधक, मो0– 7488475790
2. श्रीमती सोनी कुमारी, सामुदायिक संगठनकर्ता, मो0– 8210694286
3. मंजित कुमार वर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर, मो0– 8102864220

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, चतरा

PR 301165 Urban Development (23-24)_D

**झारखण्ड सरकार उद्योग विभाग, जिला उद्योग केन्द्र, चतरा**

**आम सूचना**

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खादय उधोग उन्नयन योजना (PMFME) योजना के तहत सूक्ष्म खादय आधारित उधमों की स्थापना / उधमों के उन्नयन के लिए परियोजन लागत का 35 % (अधिकतम रु0–10.00 लाख) तक का पूंजीगत अनुदान पाने का सुनहरा अवसर।

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) के तहत् सूक्ष्म खाद्य आधारित उद्यमों की स्थापना / उद्यमों के उन्नयन के लिए चतरा जिले के प्रत्येक प्रखण्ड मुख्यालय स्तर पर विशेष अभियान के तहत् दिनांक 15 जून 2023 से 15 जुलाई 2023 तक कैम्प का आयोजन किया गया है । उक्त कैम्प में सूक्ष्म खाद्य आधारित उद्यमों की स्थापना के लिए अथवा उद्यमों के उन्नयन / उत्थान के लिए Online आवेदन का पंजीकरण किया जा रहा है। इच्छुक व्यक्ति अपने–अपने प्रखण्ड मुख्यालय में पहुँचकर अपने आवेदन का Online पंजीकरण कराएं तथा योजना का लाभ उठायें ।

स्थान– प्रखण्ड कार्यालय (B.D.O Office)
समय– 11:00 बजे पूर्वाहन् से 04:00 बजे अपराहन् तक
सम्पर्क सूत्र– प्रखण्ड उद्यमी समन्वयक, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, चतरा

महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र,
जिला उद्योग केन्द्र कार्यालय, चतरा

PR 301146 Industries (23-24)_D

## उत्कृष्ट विद्यालयों में मनाया गया प्रवेशोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड राज्य परियोजना निदेशक रांची के द्वारा राज्य के सभी 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया पूर्ण कर लेने के बाद सभी नवनामांकित छात्र/छात्राओं को विद्यालय के प्रथम दिन हर्षोल्लास के साथ प्रकाशोत्सव समारोह मनाने का निर्देश प्राप्त था। इसी निर्देश के आलोक में गढ़वा जिले के तीनों उत्कृष्ट विद्यालयों (राजकीयकृत रामासाहू प्लस टू उच्च विद्यालय गढ़वा, राजकीयकृत बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय गढ़वा एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गढ़वा) में बड़े ही उत्साह के साथ नवनामांकित बच्चों का प्रवेशोत्सव समारोह मनाया गया।

राजकीयकृत रामासाहू प्लस टू उच्च विद्यालय गढ़वा के प्रशाल में प्रवेश से पूर्व सभी नवनामांकित छात्र और छात्राओं को तिलक लगाकर उन पर पुष्पवर्षा की गयी। इस प्रवेशोत्सव समारोह में प्राप्त दिशा- निर्देश के अनुसार विद्यालय के वरीय शिक्षक सुशील कुमार के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। श्री कुमार ने अपने स्वागत भाषण में नवनामांकित छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का यह दिन आपके लिए यह बड़े ही रोमांचकारी और स्वर्णिम दिवस है कि आप प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले के इस टॉप उत्कृष्ट विद्यालय में अध्ययन करने का एक सुनहरा अवसर प्राप्त किया है। इस विद्यालय का कम्पीटिशन गढ़वा जिले के टॉप निजी विद्यालयों से नहीं है बल्कि देश/राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित विद्यालयों यथा; नेतरहाट, नवोदय, सैनिक स्कूल, इन्दिरा गांधी बालिका विद्यालय हजारीबाग से है। इसलिए हमसभी शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों को उस स्तर तक मानसिक और बौद्धिक रूप से तैयार होना होगा। विद्यालय के प्राचार्य राजाराम पासवान ने विद्यालय में उपलब्ध समस्त मानव संसाधनों एवं भौतिक संसाधनों के बारे में उपस्थित सभी छात्रों एवं अभिभावकों को विस्तृत रूप से अवगत कराया।

विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने उपस्थित अभिभावकों से अपील किया कि विद्यालय विकास में आप समस्त अभिभावक गण अपना बहुमूल्य योगदान देना सुनिश्चित करेंगे।

जुडो कराटे प्रशिक्षक मनोज संसाई ने पढ़ाई के साथ-साथ खेल पर भी ध्यान देने का निर्देश नवनामांकित बच्चों को दिया। शिक्षिका सीमा कुमारी ने अपना भाषण अंग्रेजी भाषा में देते हुए कहा कि आपसभी बच्चों को कलम की ताकत समझनी होगी और इस विद्यालय के नाम के अनुरूप आपको पढ़ाई पर फोकस करना होगा। शिक्षक मनीष कुमार सिंह ने इस अवसर पर भूमिदान कर्त्ता स्व0 नकछेदी राम को याद करते हुए कहा कि अपनी अरबों की सम्पत्ति निःस्वार्थ रूप से बच्चों की शिक्षा के लिए दान कर दिया।इनका योगदान अविस्मरणीय है।

इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया और कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।इस प्रकाशोत्सव समारोह का मंच संचालन शेरो-शायरी के साथ विद्यालय के शिक्षक सत्येन्द्र राम एवं राजीव कुमार पाठक के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य-सह-वार्ड पार्षद श्री विनोद प्रसाद, संकुल साधन सेवी प्रणव शंकर झा, शिक्षक राजकुमार चन्द्रा, तनवीर आलम, लिपिक रामचन्द्र राम, आदेशपाल नरजू राम, फ्रोन्तलाएंन कर्मचारी मिथिलेश कुमार, सुरेन्द्र प्रजापति, धर्मेंद्र राम समेत सैकडों छात्र और अभिभावकगण उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**यॉंत्रिक प्रमंडल मंडल, लातेहार शिविर-मेदिनीनगर**

**अति–अल्पकालीन निविदा (द्वितीय आमंत्रण) सूचना संख्या 01 / 2023–24 दिनांक 01.07.2023**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, यॉंत्रिंक प्रमंडल मंडल, लातेहार शिविर – मेदिनीनगर।
2. विभाग का नाम :– जल संसाधन विभाग, झारखण्ड रॉंची।
3. परिमाण विपत्र बिक्र की का स्थान :– मुख्य अभियंता(यॉंत्रिक), जल संसाधन विभाग, रॉंची / अधीक्षण अभियंता, सिंचाई यॉंत्रिक अंचल, रॉंची एवं कार्यपालक अभियंता, यॉंत्रिंक प्रमंडल मंडल, लातेहार, शिविर – मेदिनीनगर का कार्यालय।
4. अग्रधन की राशि :– रू0. 6600.00( रूपेय छः हजार छः सौ)
4. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थानः– कार्यालय यॉंत्रिंक प्रमंडल मंडल, लातेहार, शिविर – मेदिनीनगर।
5. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 03.07.2023 से 11.07.2023 तक (कार्यालय अवधि में)
6. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 12.07.2023 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक।
7. निविदा खुलने की तिथि एवं समय :– 12.07.2023 को 3:30 बजे अपराह्न ।

| क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | नकटीनाला वीयर योजना के यॉंत्रिक कार्य। | 3,29,480.00 | 750.00 | 04(चार) माह। |

नोट : 1. निविदा की शर्त्ते प्रमंडलीय कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता हैं।
2. **निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रद्द की जा सकती है।**

कार्यपालक अभियंता
यॉंत्रिक प्रमंडल मंडल, लातेहार, शिविर–मेदिनीनगर।

PR.NO.301163 District(23-24):D

## युवा सद्भावना मंच अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित




लोहरदगा (आजाद सिपाही)। युवा सद्भावना मंच अंतर्गत प्रखंडों में शनिवार को कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। कुडू प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में बुक क्लब एक्टिविटी के तहत 'तोता राम' कहानी पर नाट्य मंचन किया गया। प्रखंड के टाटी पंचायत में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। किस्को प्रखंड के पाखर पंचायत में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। सदर प्रखंड के रामपुर ग्राम में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। भंडरा प्रखंड के मसमानो ग्राम में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। पेशरार प्रखंड मुख्यालय में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया।

## डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास फैलाने वाले लोगों पर होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी



लातेहार(आजाद सिपाही)। जिला में डायन बिसाही अंधविश्वास का मामला चरम सीमा में बढ़ गया है। बात बात पर लोग गांव के महिलाओं को आसानी से डायन बिसाही का अंधविश्वास फैला कर इनको प्रताड़ित कर रहे हैं। यहां तक की लोगों का मानसिकता इतना बढ़ गया है कि निर्मम हत्या करने में भी बाज नहीं आ रहे हैं ऐसा मामला आये दिन सामने आ रहा है। इसका मुख्य कारण है की गांव पंचायत में ओझा गुणी भगत के नाम पर कुछ लोग दुकान खोल कर बैठ गये हैं। और उनकी बातो में आसानी से फंस जाते है। कि यह करतूत आपके गांव के ही महिला आपके साथ जादू मंतर कर रही है । वे बिना सोचे समझे ही महिलाओं के साथ प्रताड़ित और हत्या करने का अंजाम दे दिया जाता है। क्या कहते हैं लातेहार थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने बताया कि डायन बिसाही अंधविश्वास को दूर करने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा मुखिया उप मुखिया पंचायत समिति की उपस्थिति में ग्रामीणों के बीच एक बैठक कर जागरुकता अभियान चलाया जायेगा। ताकि उनके दिलों में बैठे अंध विश्वास को दूर किया जा सके। इसके बाबजूद भी किन्ही के द्वारा अंध विश्वास फैलाने का काम किया जाता हैं तो वैसे लोगो पर डायन बिसाही अधिनियम के तहत कानूनी करवाई की जायेगी।

## ग्रामीण बैंक में उपलब्ध नहीं खाता खोलने का फॉर्म

### बैंक के नीचे दुकान से 20 रुपये में खरीदना पड़ रहा है

महुआडांड (आजाद सिपाही)। महुआडांड़ के झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में शुक्रवार को खाता खोलने का फॉर्म खत्म हो गया जब खाता खोलने के लिए बैंक कर्मचारी से फॉर्म मांगी गयी तो उसने बताया कि बैंक में फॉर्म खत्म हो गया है। बाजार से खरीद कर लाकर फॉर्म भरकर जमा कर दे। इस संबंध में शाखा प्रबंधक ने बताया कि फॉर्म खत्म हो गया है। सोमवार को आ जायेगा। वही उन्होंने बताया कि आधार लिंक से मोबाइल नम्बर लिंक होने पर तुरंत ही ऑनलाइन खाता खोलने की सुविधा बैंक में है। बताते चले की बैंक कर्मचारी की मिली भगत से अकसर बैंक में खाता खोलने सहित निकासी की फॉर्म खत्म होने का राग अलापते रहते हैं। वही बैंक के नीचे दुकानों में 20 रू देने पर सभी तरह के बैंक फॉर्म उपलब्ध हो जाते हैं।

## हाथियों के आतंक से ग्रामीण परेशान, विभाग मौन




चंदवा(आजाद सिपाही)। चंदवा प्रखंड के जमीरा पंचायत में फिर से गजराज का हुआ आगमन रक्सी ग्राम के रहने वाले भुनेश्वर प्रजापति के घर अनाज का हुआ छती पहुँचाया पंचायत के मुखिया पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और बोले कि सरकार की ओर से जो भी प्रावधान होगा। उसे दिलाने का कार्य करेंगे। मौके सितमोहन मुंडा, युवा नेता ब्रह्मदेव प्रजापति, फॉरेस्ट के अधिकारी आलोक तिगा, सुरेश उरांव, आदि उपस्थित थे! परंतु वन विभाग हाथियों से निजात दिलाने के लिए किसी तरह का कोई पहल नहीं किया जा रहा है और हर दिन किसी न किसी गांव में जाकर घर और घर में रखे अनाज को बर्बाद कर रहा है उसके साथ ही आदमी को भी मौत के घाट उतार दे रहा है। सरकार इसमें पहल करें नहीं तो गांव के गांव हाथी के प्रकोप से खाली हो जायेंगे।

## महाकाल क्लब के अध्यक्ष बने रितेश वर्मा उर्फ कुणाल, सचिव निश्चय वर्मा



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। शहर के चंद्रशेखर आजाद चौक तेतरतर में शुक्रवार को महाकाल क्लब की बैठक जय शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले से चलकर पैदल यात्रा पहाड़ी मंदिर में पहली सोमवारी को जल चढ़ाया जायेगा। इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है। बैठक में कमेटी पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रितेश वर्मा उर्फ कुणाल वर्मा को बनाया गया। कार्यकारी अध्यक्ष रितेंद्र कुमार महतो, सचिव निश्चय वर्मा, सह सचिव अंकित वर्मा, उपाध्यक्ष दिवेश साहू, हर्षित खत्री, आकाश खत्री, आंनद ठाकुर, कोषाध्यक्ष शुभम वर्मा, सह कोषाध्यक्ष शुभम जायसवाल,संगठन मंत्री में आशीष गुप्ता, मीडिया प्रभारी अमित वर्मा, मुख्य संरक्षक बलराम कुमार साहू, संरक्षकः जयशंकर मिश्रा, पंकज मिश्रा, गोपाल मिश्रा, परमानंद मिश्रा शामिल हैं। वहीं संयोजक मंडली में विक्रम चौहान, अतुल मुखर्जी, पारस साहू, किशोर वर्मा, प्रीतम कुमार, सुमित घोष, रोहित तमेडा को शामिल किया गया।

## पंचायत में संचालित योजना समीक्षा पर चर्चा



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही): सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत ग्राम में संचालित विकास योजना का समीक्षा पंचायत समिति बैठक के दौरान करते हुए दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय सभागार में शनिवार को पंचायत समिति का बैठक आहूत किया गया। उक्त बैठक प्रमुख फुलझरी उराँव के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक के दौरान संचालित विकास योजना का समीक्षा कर पंचायत समिति सदस्यों से चयन योजना को स्वकृति हेतु लिया गया। साथ ही विभिन्न पंचायत में संचालित योजना पर चर्चा करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि जो योजना अपूर्ण है उसे ससमय पूर्ण कर अभिलेख बंद करने का निर्देश पंचायत कर्मियों को दिया गया। साथ ही जिस पंचायत में योजना पूर्ण के साथ अभिलेख बन्द कर दिया गया है। उस पंचायत में नयी योजना की स्वीकृति हेतु योजना लिया गया। और ज्यादा से ज्यादा योजना चयन करने तथा क्षेत्रीय मजदूर को रोजगार मुहैया कराने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। प्रमुख फुलझरी उराँव ने योजन समीक्षा के दौरान बताया गया कि पंचायत गांव में छोटी छोटी योजना संचालित कर मजदूर वर्ग को रोजगार मुहैया कराया जाये जिससे पलायन हो रहे मजदूरों को रोका जा सके साथ ही मनरेगा योजना के माध्यम से संचालित योजना में मजदूरी भुगतान ससमय मजदूरों को करवाने की बात कही गयी। मौके पर प्रमुख फुलझरी उराँव, उपप्रमुख पॉल पन्ना, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, त्रिवेणी भगत, अफसाना खातून सहित पंचायत समिति सदस्य और प्रखंड कर्मी बैठक में शामिल थे।

### लोहरदगा नगर परिषद का स्थापना दिवस मना

# लोगों की सुविधा के लिए तत्पर है परिषदः प्रशासक

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। सदर प्रखंड स्थित नगर परिषद के सभागार में शनिवार को नगर परिषद, लोहरदगा का 135वाँ स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम-सह-उपलब्धि अभिभाषण का आयोजन किया गया। मौके पर कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी। मौके पर युवक-युवतियों द्वारा एक से बढ़कर एक एकल नृत्य और सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति किया गया। इसके बाद सम्मान समारोह का आयोजन कर नगर परिषद के पूर्व के जनप्रतिनिधियों, स्थानीय पत्रकारों और सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मौके पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रशासक देवेंद्र कुमार ने नगर परिषद के इतिहास से लोगों को रूबरू कराया। नगर परिषद द्वारा क्रियान्वित नागरिक सुविधाओं, योजनाओं के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि नागरिक सुविधाओं के प्रति नगर परिषद संवेदनशील होकर काम कर रही है। हर तरफ सड़कें और नालियों का जाल बिछा हुआ है। हर वार्ड में सफाई, पानी और सड़क निर्माण जैसी सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। आज नगर परिषद छोटे बच्चों से लेकर युवाओं के मनोरंजन के लिए भी कार्य कर रहा है। अजय उद्यान में टॉय ट्रेन और बड़ा तालाब में वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। भविष्य में और भी बेहतर करने की योजना नगर परिषद की है।

इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन कर एवं केक काटकर किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद का लोगो का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का संचालन सिटी मैनेजर विजय कुमार ने किया। इस मौके पर पूर्व के सभी वार्डों के जनप्रतिनिधि, नगर परिषद के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद थे।

# इंदिरा गांधी स्कूल का हॉस्टल तत्काल चालू होः अनीता

आजाद सिपाही संवाददाता



बालूमाथ। जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने उपायुक्त भोर सिंह यादव लातेहार को पत्र लिखकर परियोजना इंदिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय में अवस्थित नवनिर्मित बालिका छात्रावास को अविलंब चालू कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया है कि बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत एकमात्र बालिका उच्च विद्यालय है। जिसमें बालूमाथ, बारियातू और हेरहंज प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों से आकर बच्चियां शिक्षा प्राप्त करती हैं। विडंबना यह है कि छात्रावास के होते हुए भी बच्चियों को छोटे से किराए के घर में असुरक्षित माहौल में रहकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। जबकि परियोजना इंदिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय बालूमाथ परिसर में 5 वर्ष पूर्व में ही 100 बेड का छात्रावास भवन निर्मित हो चुका है जो कि गार्ड और वार्डन के अभाव में बंद है। ज्ञात हो कि छात्रावास भवन का निर्माण 2018 में पूर्ण हो चुका है। छात्रावास के चालू हो जाने से बालूमाथ, बारियातू और हेरहंज प्रखंड के दूरदराज गावों से पढ़ाई के लिए आ रही बच्चियों को सुरक्षित माहौल में शिक्षा प्राप्त करने में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने यह भी बताया है कि इससे बालिकाओं के बीच में पढ़ाई छोड़ने (ड्रॉप आउट) की दर भी कम होगी। उन्होंने उपायुक्त लातेहार से अनुरोध किया है कि विद्यालय परिसर में छात्रावास के लिए वार्डन और सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था करते हुए अविलंब छात्रावास को चालू कराने की व्यवस्था की जाये। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि परियोजना इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय में 3 एकड़ का अपना परिसर है, जिसमें चारदीवारी भी है। छात्रावास के चालू हो जाने से एक तरफ जहां छात्राओं को सुरक्षित माहौल में सुलभ शिक्षा उपलब्ध हो पायेगी वहीं दूसरी ओर उनके अभिवाहकों पर पढ़ाई का आर्थिक बोझ भी कम हो सकेगा। ज्ञात हो कि उपाध्यक्ष अनीता देवी के द्वारा परियोजना बालिका उच्च विद्यालय को प्लस टू में अपग्रेड करने हेतु भी उपायुक्त महोदय को पत्र भी लिखा गया है।

# रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन, 42 यूनिट रक्तदान

आजाद सिपाही संवाददाता




लोहरदगा। 'नेशनल डॉक्टर्स डे' के अवसर पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल के मार्ग निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा एक दिवसीय रक्तदान शिविर सह स्वास्थ्य जांच का आयोजन किया गया । सिविल कोर्ट परिसर में स्थापित रक्तदान शिविर में कुल 42 यूनिट रक्त दिया गया। जिसमें न्यायालय के न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, न्यायालय के कर्मी, पूलिस बल के जवान और पीएलवी शामिल रहे।रक्तदान शिविर का आयोजन सदर अस्पताल लोहरदगा के चिकित्सकों के देखरेख में किया गया। सदर अस्पताल के प्रभारी सिविल सर्जन डॉ शंकर प्रसाद, डॉक्टर सोनल सोनी बरवार एवं ब्लड बैंक टेक्निशियन उमेश प्रसाद के अतिरिक्त अन्य स्वास्थ्य सहायक उपस्थित थे। रक्तदान शिविर के दौरान लोगों ने अपने बीपी, शुगर आदि की भी जांच कराये और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर चिकित्सकों से परामर्श लिए। रक्तदान करने वालों में रक्तदान को लेकर उत्साह दिखा। रक्तदान के पश्चात रक्तदान करने वालों को प्रोत्साहन के रूप सर्टिफिकेट, टोपी और चाबी रिंग का छल्ला दिया गया। जबकि त्वरित उर्जा स्फूर्ति के लिए एनर्जी ड्रिंक, केला व बिस्किट प्रदान किया गया। सिविल कोर्ट के निबंधक राज कल्याण ने लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किये।

मौके पर डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पहल पर आज का रक्तदान शिविर लगाया गया था, जिसमें आशातीत सफलता मिली। राजेंद्र उरांव नामक व्यक्ति ने इसी बीच लोहरदगा डालसा से अपनी मां रतनी देवी जो कैंसर से पीड़ित है के लिए सहयोग मांगा, जिन्हें तुरंत सदर अस्पताल के चिकित्सकों के सहयोग से 02 यूनिट खून दिया गया। नेशनल डॉक्टर्स डे पर डालसा अध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर पाल ने उपस्थित डॉक्टरों को बधाई दी।

**डालसा सचिव समेत 42 लोगो ने किया रक्तदान**

रक्तदान करने वालों में डालसा सचिव राजेश कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी सुचिता निधि तिग्गा के अतिरिक्त निखिल कुमार तिवारी, अनुप कुमार, संजीव कुमार, नीतू सिन्हा, अमित कुमार सिंह, अताउर रहमान, बिंदेश्वर भगत, प्रदीप ठाकुर, कमलेश नायक, धीरज कुमार सिंह, मिथुन कुमार वर्मा, स्वेता कच्छप, प्रियांशु कुमार यादव, तुलसी राम, अजय कुमार, रविन्द्र ठाकुर, शीतू वर्मा, अंकित लकड़ा, हिमांशु डुंग डुंग, वोवैश आलम, शामिल थे।

# ट्रैकिंग कैंप में हिस्सा लें, इससे आपका हुनर निखरेगाः उपायुक्त

**भारत स्काउट एवं गाईड के 186 बच्चों के बीच प्रमाण-पत्र का वितरण**
**नेतरहाट में ट्रैकिंग-सह- नेचर स्टडी कैंप में शामिल हुए थे बच्चे**

आजाद सिपाही संवाददाता




लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने भारत स्काउट और गाईड के 186 बच्चों के बीच प्रमाण-पत्र का वितरण किया। यह प्रमाण-पत्र बच्चों को नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट में दिनांक 06 मई 2023 से 10 मई 2023 तक आयोजित ट्रैकिंग-सह-नेचर स्टडी कैंप में शामिल होने के लिए दिया गया। इस कैंप में लोहरदगा जिला के कुल 186 स्काउट एवं गाईड ने भाग लिया था। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय में इस कैंप का आयोजन होना बहुत ही अच्छी बात है। इसका अनुभव बच्चों को आनेवाले समय में मिलेगा। नेतरहाट आवासीय विद्यालय के छात्र रहे कई आज विभिन्न सरकारी पदों पर पदासीन हैं। उपायुक्त ने कहा कि जो बच्चे ट्रैकिंग के क्षेत्र में जाना चाहते हैं वे भविष्य में दार्जिलिंग, सिक्किम, उत्तराखण्ड जैसे हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में आयोजित होने वाले ट्रैकिंग कैंप में हिस्सा लें, इससे आपका हुनर निखरेगा। देश के विभिन्न हिस्सों से आनेवाले युवाओं से मिलेंगे तो उसका एक अलग अनुभव आपको मिलेगा। अगली बार मौका मिले तो आप इन क्षेत्रों में जायें। जिन्हें प्रमाण-पत्र दिया गया उनमें इंटर महाविद्यालय किस्को, चुन्नीलाल उच्च विद्यालय, संत अन्ना विद्यालय, नदिया हिंदू प्लस टू उच्च विद्यालय, उसुर्लाईन कॉन्वेंट उच्च विद्यालय, संत स्तानलिस उच्च विद्यालय समेत अन्य संबंधित विद्यालयों के स्काउट एवं गाईड उपस्थित थे।

मौके पर भारत स्काउट एवं गाईड के जिला सचिव शैलेंद्र सुमन, नदिया हिन्दू प्लस 2 नदिया स्कूल के शिक्षक अनिल कुमार, इंटर कॉलेज के शिक्षक अब्दुल्ला परवेज, संत स्तानीसिलास के प्रभारी शिक्षक, स्काउट लीडर शमशाद अंसारी, संबंधित विद्यालयों स्काउट और गाईड उपस्थित थे।

## गुमला उपायुक्त से ट्रकों का परिचालन शीघ्र शुरू कराने की मांग

लोहरदगा/ गुमला(आजाद सिपाही)। लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन और झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन, विमरला के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव से मुलाकात की और मांग पत्र सौंपा। एसोसिएशन ने उपायुक्त को बताया कि हम लोगों के ट्रक हिंडाल्को कंपनी के बॉक्साइट माइंस में चलते हैं, लगभग एक महीने से बीमरला, गुरदरी मांईसो से ट्रकों का परिचालन नहीं होने के कारण और न्यू अमतीपानी(चिरोडीह) से भी लगभग ट्रकों के परिचालन बंद होने के कारण लगभग ग्यारह सौ ट्रक प्रभावित हो रहे हैं, जिसके कारण प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लोडर, अनलोडर, चालक ,सह चालक, गैरेज, मिस्त्री, टायर दुकान, होटल, पेट्रोल पंप सहित लगभग पचीस से तीस हजार लोग इससे प्रभावित हैं, इस बीच हिंडाल्को कंपनी से तीन बार एसोसिएशन की वार्ता हुई है जिसमें कंपनी का कहना है कि हमें जिला प्रशासन की ओर से जमीन नहीं मिल पा रही है, जिसके कारण हम बॉक्साइट देने में असमर्थ है। एसोसिएशन ने उपायुक्त को यह बताया कि खड़े ट्रकों के कागजात सहित अन्य खर्च से ट्रक मालिकों की कमर टूट जा रही है, इसलिए यथाशीघ्र सहयोग करते हुए ट्रकों का परिचालन शुरू कराने की कृपा की जाये। प्रतिनिधि मंडल में लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, उपाध्यक्ष अभय सिंह, रहमत अंसारी और झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन विमरला के अध्यक्ष विनय राम, शंकर उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## धूमधाम से राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस मनाया गया



बरवाडीह(आजाद सिपाही): बरवाडीह के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन ने सभी डॉक्टरों को बधाई देते हुए कहा सभी अपना काम पूरी ईमानदारी से कर रहे हैं। प्रतिकूल समय मे भी वह दिन रात मरीजों का सेवा में लगे रहते हैं इसके चलते परिवारजनों को समय देना भी मुश्किल हो रहा है। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में डॉक्टरों का सम्मान बढ़ा है।और सभी वर्गों के लोग स्वास्थ्य विभाग खासकर डॉक्टरों के साथ हैं। वही मौके पर डॉक्टर जुबेर अहमद, अनूपमा एक्का, एएनएम आरती रजनी, सुरीन प्रीति, सविता, माधुरी, समीरा एक्का, ड्रेसर राजेश चंद्र समेत दर्जनों की संख्या में स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## बनवारी साहू महाविद्यालय में पौधरोपण कर वन महोत्सव सप्ताह शुरू




लातेहार(आजाद सिपाही): जिला मुख्यालय के बनवारी साहू महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान वन महोत्सव सप्ताह का उदघाटन हुआ। एक सप्ताह तक चलने वाली वन महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव अंजू गुप्ता, प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी और कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद के द्वारा पौधा रोपणकर कार्यक्रम शुरू किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित होकर कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के व्याख्याता शत्रुघन मेहता, रेनू कुमारी, स्वयंसेवकों में अनु कुमारी, अंकिता कुमारी, कविता कुमारी, सपना कुमारी, निशा कुमारी समेत अन्य मौजूद रहे।

## छिपादोहर पुलिस ने अवैध छर्री लदा वाहन किया जब्त

बरवाडीह(आजाद सिपाही): बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर पुलिस ने अवैध छरी लदा हुआ टीपर किया जब्त। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अवैध खनन पर रोकथाम हेतु चलाये जा रहे हैं विशेष अभियान के तहत छिपादोहर पुलिस ने थाना क्षेत्र के केड रबदी मार्ग में रबदी नाका के पास छरी लदा हुआ मिनी हाईवा को जब्त किया है। इस संबंध में छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध खनन तस्करों द्वारा अवैध छरी का कारोबार थाना क्षेत्र में किया जा रहा है। जिसके बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर छापामारी किया गया। जिसमे पुलिस ने अवैध छरी लदा एक हाइवा जब्त किया। जिसकी कागजात की मांग करने पर नहीं दिखाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि केड रबदी मार्ग में रबदी नाका के पास चेकिंग के दौरान छारी लदा हुआ हाइवा जब्त किया गया। जिसका नंबर JH03 3442 था।

## विधानसभा की एसटीएससी, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति का भ्रमण चार को

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। उप सचिव, झारखंड विधानसभा, रांची के पत्रांक 1292/वि०स० दिनांक 22.06.2023 के अनुसार झारखंड विधानसभा की अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति का दिनांक 04.07.2023 से 05.07.2023 तक का लोहरदगा भ्रमण कार्यक्रम है। जिसके तहत दिनांकः 04.07.2023 को 01 बजे अपराह्न : समिति का आगमन, लोहरदगा परिसदन, 03 बजे अपराह्न : लोहरदगा परिसदन में उपायुक्त/आरक्षी अधीक्षक, उप विकास आयुक्त और जिलों में पदस्थापित संबंधित क्षेत्री विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक। तत्पश्चात स्थल निरीक्षण वही दिनांकः 05.07.2023 को 08 बजे पूर्वाह्न : लोहरदगा परिसदन में उपायुक्त/आरक्षी अधीक्षक, उप विकास आयुक्त और जिलों में पदस्थापित संबंधित क्षेत्री विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक। तत्पश्चात स्थल निरीक्षण। 12 बजे मध्याह्न : समिति का गुमला परिसदन के लिए प्रस्थान करेंगे।

## पथ चौड़ीकरण को लेकर ग्रामसभा आयोजित



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित लोहरदगा गुमला मुख्य पथ से भंडरा प्रखंड को जोड़ने और पथ चौड़ी करण किया जाना है। जिसको लेकर झालजमीरा पंचायत और उगरा पंचायत सहित सेन्हा पंचायत में पथ चौड़ी करण के दौरान रैयतों का जमीन अधिग्रहण किया जाना है। जिसको लेकर पूर्व में ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। परंतु कॉलम पूर्ण नही होने के कारण ग्रामसभा स्थगित किया गया था। इसी निमित शनिवार को पंचायत भवन सेन्हा में सेन्हा मौज के वैसे रैयत के साथ ग्राम सभा आयोजन किया गया जिसका जमीन पथ चौड़ी करण में अधिग्रहण किया जा रहा है। ग्रामसभा के दौरान ग्राम प्रधान, मुखिया धनबाज उराँव, अंचलाधिकारी विजय कुमार अंचल निरक्षक चंद्रप्रकाश मेहता, राजस्व कर्मचारी रामा महतो के अलावे विभिन्न गांव के रैयत शामिल थे। ग्राम सभा के दौरान अंचलाधिकारी विजय कुमार रैयतों की बात को गंभीरता पूर्वक सुनते हुये बताया कि सरकारी प्रबंधन के अनुरूप कार्य किया जायेगा। जिसको लेकर सभी रैयत को जमीन संबंधित दस्तावेज, आधार कार्ड और वंशावलि के साथ कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया। जिसपर रैयतों ने मुआवजा में वृद्धि का मांग किया साथ ही कार्य आरंभ करने के पूर्व अधिग्रहण जमीन सीमांकन करने की मांग किया गया। मौके पर केदार महतो, सुरेश महतो, जयप्रकाश साहू, संजय साहू सहित बंधाटोली तथा बरवाटोली और सेन्हा के जमीन रैयत उपस्थित थे।

## बॉक्साइट माइंस मजदूर समिति की बैठक चार को

गुमला (आजाद सिपाही)। बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति बिशुनपुर द्वारा माइंस क्षेत्र में रैयत और मजदूरों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर चार जुलाई को बिशुनपुर में जनसंपर्क सह बैठक आयोजित की जायेगी। उक्त कार्यक्रम में हिंडाल्को कंपनी और निजी माइंस मालिकों द्वारा की जा रही माइनिंग एक्ट का अनुपालन तथा विभिन्न माइंस क्षेत्र में सीएसआर के तहत की जा रही कार्य की समीक्षा की जाएगी और क्षेत्र में अस्पताल, स्कूल, पेयजल, सड़क, रोजगार इत्यादि समस्याओं पर विचार विमर्श करते हुए आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी। जनसंपर्क और बैठक में माले के प्रमंडल प्रभारी और झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह मुख्य रूप से भाग लेंगे।

# पीएलएफआइ के तीन सहयोगी गिरफ्तार

## हथियार और जिंदा कारतूस बरामद, एके 47 की गोलियां भी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायडीह।** पीएलएफआइ उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर राजेश गोप उर्फ टाइगर के सहयोगी तीन लोगों को गुप्त सूचना के आधार पर रायडीह पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया। चैनपुर एसडीपीओ विकास आनन्द लांगुरी चैनपुर इंस्पेक्टर बैजु उरांव द्वारा शनिवार को रायडीह थाना मे प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया गया की रायडीह थाना क्षेत्र के ग्राम बाघलाता डुमरघाटी के बीच बरटोली जाने वाले रास्ते के पास जंगल मे छुप कर किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे इसकी सूचना वरिय पदाधिकारी को दिया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय के निदेर्शानुसार एक टीम का गठन किया गया और सूचना के सत्यापन और कार्यवाई हेतु गठित टीम के सदस्यो द्वारा उक्त स्थल पर पहुंच कर डुमरघाटी जंगल के तरफ बड़े तो रोड़ के दाहिने जंगल की ओर बातचीत करने की अवाज सुनायी दी तब टीम मे सामील सभी लोग दोनो ओर घेरते हुए आगे बड़ते हुए देख कर तीनो व्यक्ति भगने लगे जिसे सस्त्र बल द्वारा खदेड़ कर तीनो व्यक्ति को पकड़ लिया गया। तीनो की तलाशी लेने पर दो 315 बोर का देशी लोडेड राईफल और कुल 13 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया जिसके बाद तीनो के निशान्देही पर एक और 315 बोर का देशी राईफल और तीन जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। वही मंजित प्रधान ऊर्फ गुड्डु के घर से बरामद किया गया, हथियार और कारतूस के बारे पुछताछ करने पर इन लोगो द्वारा बताया गया की पीएलएफआइ संगठन को मजबूत करने के लिए सभी हथियार और गोली राजेश गोप ऊर्फ टाईगर द्वारा पूर्व मे दिया गया था। गिरफ्तारी मे अनिल उरांव ऊर्फ कुटु उम्र 35 वर्ष ग्राम मोकरा बरटोली सुरसांग, मंजित प्रधान ऊर्फ गुड्डु 19 वर्ष लौकी गोसाईकोना, गुड्डु सिंह 30 वर्ष लसड़ा बरटोली, जप्त समान 315 बोर लोडेड ,135 बोर का 12 जिन्दा कारतूस, एके 47 तीन जिन्दा कारतूस, छापामारी दल मे चैनपुर इंस्पेक्टर बैजू उरांव, थाना प्रभारी अमित कुमार, अभिनव कुमार एसआइ, नितेश टोपनो एसआइ, बालमुकुन्द सिंह एसआ, जमादार रंजय कुमार सिंह, सैट 11 के शस्त्र पुलिस बल शामील थे। अनिल उरांव का अपराधिक इतिहास रायडीह थाना मे दो घाघरा थाना मे एक रांची कोतवाली थाना मे एक आर्म्स एक्ट और अपराधिक मामला दर्ज है।

## स्पोर्ट्स अकादमी ने बकरीद में दिया भाइचारे का संदेश




गुमला (आजाद सिपाही)। ईद-उल-हज्जा के अवसर पर स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक सैयद जुन्नू रैन ने सभी खिलाड़ियों के साथ धूम-धाम से बकरीद मनायी। बकरीद के तीसरे दिन अकादमी ने आपसी भाईचारा और अमन पूर्वक सामुहिक मिलन समारोह आयोजित किया। साथ ही बच्चों के बीच इसे पर्व के बारे में जानकारी दी। जुन्नू रैन ने बताया कि कि यह पर्व आपस में भाईचारा बनाये रखने का संदेश देता है। इस त्योहार को भारत के लोग मिलजुल कर मनाते हैं। लगभग 15 से 20 सालों से स्पोर्ट एकादेमी का यह कार्यक्रम होता आ रहा है। यह अल्लाह की राह में कुबानी पेश करने का प्रतीक है। और इसे सभी करीबी से मिल कर मनाया जाता है और आपस में मिठाई खिला कर भाईचारा का संदेश दिया जाता है। वही हफि जर रहमान ने कहा की हमे ये पर्व मना कर काफी खुशी मिलती है साथ ही हम सभी पर्व मिल बाट कर हर पर्व मनाया जाता है मौके में सीनियर खिलाड़ी दीपक कुमार, विक्रम राज, अनीश, रवि, विजय, अरीब, असर, तौफीक, सचिन, नीरज, हर्षिकेश, रोशन, प्रदीप मिंज, बलराम, विकराम, अशोक आदि लोग मौजूद थे।

## ट्रक ओनर्स एसोसिएशन ने उपायुक्त से की ट्रकों के शीघ्र परिचालन की मांग



गुमला (आजाद सिपाही)। लोहरदगा- गुमला ट्रक ओनर एसोसिएशन और झारखंड ट्रक ओनर एसोसिएशन, विमरला के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव से मुलाकात की और मांग पत्र सौंपा। एसोसिएशन ने उपायुक्त को बताया कि हम लोगों के ट्रक हिंडाल्को कंपनी के बॉक्साइट माइन्स में चलते हैं। लगभग एक महीने से बीमरला, गुरदरी मांइसो से ट्रकों का परिचालन नहीं होने और न्यू अमतीपानी(चिरोडीह) से भी लगभग ट्रकों के परिचालन बंद होने के कारण लगभग ग्यारह सौ ट्रक प्रभावित हो रहे हैं। जिसके कारण प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लोडर, अनलोडर, चालक ,सह चालक, गैरेज, मिस्त्री, टायर दुकान, होटल, पेट्रोल पंप सहित लगभग पचीस से तीस हजार लोग इससे प्रभावित हैं, इस बीच हिंडाल्को कंपनी से तीन बार एसोसिएशन की वार्ता हुई है। जिसमें कंपनी का कहना है कि हमें जिला प्रशासन की ओर से जमीन नहीं मिल पा रही है, जिसके कारण हम बॉक्साइट देने में असमर्थ है ,एसोसिएशन ने उपायुक्त को यह बताया कि खड़े ट्रकों के कागजात सहित अन्य खर्च से ट्रक मालिकों की कमर टूट जा रही है। इसलिए यथाशीघ्र सहयोग करते हुए ट्रकों का परिचालन शुरू कराया जाये। इस पर उपायुक्त ने ध्यानपूर्वक बातों को सुनते हुए एसोसिएशन को आश्वस्त किया कि आपके रोजगार के प्रति हम कटिबद्ध हैं और शीघ्र ही इस मुद्दे का समाधान किया जायेगा और उचित कार्रवाई की जायेगी। प्रतिनिधि मंडल में लोहरदगा गुमला ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, उपाध्यक्ष अभय सिंह ,रहमत अंसारी और झारखंड ट्रक आनर एसोसिएशन विमरला के अध्यक्ष विनय राम, शंकर ऊराव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भारतीय संस्कृति को सहेजने में बुजुर्गों की अहम भूमिका



गुमला (आजाद सिपाही)। विद्या विकास समिति के तत्वाधान में शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर गुमला में दादा दादी नाना नानी सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा, समिति सदस्य राजेश कुमार सिंह तथा रामप्रवेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मां भगवती, ओम और भारत माता के चित्र के सामने अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह मुख्य अतिथि रहे रामप्रवेश साहू ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में हम अपने घर के बुजुर्गों का सम्मान नहीं करते वृद्धावस्था में आज वह समाज में अपने आप को अकेला महसूस करते हैं यह भारतीय परंपरा नहीं है। ऐसी परिस्थिति में सरस्वती विद्या मंदिर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन कर भैया बहनों में अपने दादा दादी नाना नानी के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना के विकास को सुनिश्चित कर रहा है। अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम अपने आप को अकेला महसूस करते हैं हमारी भावनाओं को समझने वाला कोई नहीं है अतः ऐसी परिस्थिति में यह कार्यक्रम काफी समाजोपयोगी है। ऐसे कार्यक्रम का उद्देश्य यही है कि बच्चों में संस्कार की भावना का विकास हो तथा उनमें अपने घर के बुजुर्गों के प्रति कर्तव्य तथा प्रेम का भाव प्रस्फुटित हो। कार्यक्रम का संचालन स्वपन कुमार राय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया बहनों द्वारा नाना-नानी दादा-दादी के सम्मान में मनमोहक नृत्य गीत प्रस्तुत किये गये।

## विद्यालयों में शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षात्मक बैठक

# मध्याह्न भोजन की व्यवस्थाओं और वर्तमान प्रगति रिपोर्ट की हुई समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिले के शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिये शिक्षा विभाग द्वारा एफएलएन योजना पर लगातार कार्य किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य बच्चों की बुनियादी शिक्षा को बेहतर करना है। इस अभियान के सफल संचालन के उद्देश्य से उपायुक्त द्वारा लगातार उक्त योजना को मॉनिटर किया जा रहा । आज के बैठक में भी उपायुक्त ने इस महत्वपूर्ण योजना के वर्तमान सफलता में कार्यों के संबंध में समीक्षा की। इस दौरान बैठक में बताया कि एफएलएन के अंतर्गत प्रखंड गुमला, कामडारा और रायडीह में बेसलाइन टेस्ट आयोजित किया गया था और शेष प्रखंडों में बेस लाइन टेस्ट दिनांक 18.06. 2023 को प्रस्तावित था। लेकिन विद्यालय बंद रहने के कारण ससमय बेसलाइन टेस्ट आयोजित नहीं किया जा सका। वर्त्तमान में नये शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिये नामांकन अभियान दिनांक 15 जुलाई 2023 तक आयोजित है। उक्त नामांकन अभियान के उपरान्त 16 जुलाई 2023 को सभी प्रखंडों में वर्ग 01 से 05 तक नये नामांकित बच्चों का बेसलाइन टेस्ट आयोजित किया जायेगा। उपायुक्त ने एफएलएन के अंतर्गत प्रशिक्षित शिक्षक-शिक्षिकाओं का एक दिवसीय पुर्नभ्यास के लिये प्रखंड स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्देश दिया। दिनांक 10 जून 2023 को जिला स्तरीय एफएलएन के अंतर्गत टीएलएम का प्रदर्शन किया गया था। उक्त प्रदर्शन में शिक्षकों द्वारा स्वयं टी०एल०एम तैयार कर प्रदर्शित किया गया था। सभी स्कूलों में शिक्षकों को स्वयं टीएलएम निर्माण दिनांक 20.07.2023 तक कराया जाना है।

## बसिया में छात्रा का अपहरण, खोज रही पुलिस

बसिया (आजाद सिपाही)। आखिर कौन है वो छात्रा, जिसके अपहरण की चर्चा पूरे बसिया प्रखंड मुख्यालय में हो रही है, और न तो किसी अभिभावक ने अभी तक किसी गुमशुदगी या अपहरण की थाने में शिकायत दर्ज करायी है और न स्कूल प्रबंधन के पास इस गुमशुदगी या इस प्रकार के घटना की कोई जानकारी है। दरअसल चर्चा यह है कि संत अन्ना मध्य विद्यालय ममरला की एक छात्रा का अपहरण कर लिया गया है। यह आधी अधूरी सूचना मिलने के बाद बसिया पुलिस दिन भर परेशान रही। लेकिन समाचार लिखे जाने तक छात्रा का कुछ अता पता नहीं। जानकारी के अनुसार दोपहर एक बजे विद्यालय की छुट्टी होने के बाद छात्राएं घर जाने के लिए निकली। इसी बीच ममरला कब्रिस्तान के निकट मोटरसाइकिल सवार युवक ने बोरे में बंद कर उक्त अज्ञात छात्रा का अपहरण कर लिया। उसके साथ आ रही दो छोटी-छोटी बच्ची ने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। जिसके बाद इसकी सूचना बसिया पुलिस को दी गयी।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी छोटू उरांव के नेतृत्व में ममरला और आस पास के क्षेत्रों मैं सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक न तो छात्रा का पता चला और न ही उसके अभिभावक का पता चल रहा है।इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि छात्रा के अपहरण की जानकारी न तो स्कूल प्रबंधन को है और न ही उसके अभिभावक का पता चल रहा है। बसिया पुलिस को भी किसी प्रकार का कोई लिखित शिकायत प्राप्त नही हुई है। लेकिन पुलिस हरसंभव मामले के उदभेदन में लगी हुई है।

## पिकअप की चपेट में आये चार लोग घायल

गुमला (आजाद सिपाही)। जिला के घाघरा थाना क्षेत्र के खरका के समीप एक अनियंत्रित पिकअप अपने चपेट में 4 लोगों को ले लिया। जिसमें 36 वर्षीय मोनो देवी, 17 वर्षीय लक्ष्मी उराव, 18 वर्षीय कार्तिक उरांव और एक वर्ष की कुसुम कुमारी गंभीर रूप से घायल गये। घटना शनिवार संध्या चार बजे की है। जानकारी के अनुसार घायल लोग खरका के रहने वाले हैं जो खरका से टोटो आने के लिए रास्ते में खड़े थे तभी अचानक गुमला की ओर से आ रही तेज रफ्तार से पिकअप अनियंत्रित सभी को अपने चपेट में ले लिया। जिसमें सभी लोग घायल हो गये। सदर अस्पताल डॉक्टरों के उपचार के बाद पता चला कि मोनो देवी का एक पैर टूट गया हैं तो किसी के हाथ और सिर में भी गंभीर चोट लगी है। सभी घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# लायंस क्लब ने मनाया चिकिसक दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला के सभागार में लायंस क्लब द्वारा डॉक्टर्स डे मनाया गया। मौके पर लायंस क्लब गुमला के अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया ने कहा डॉक्टर सेवा कार्य के लिए प्रसिद्ध है, डॉक्टर भगवान के रूप होते है। कोरोना जैसी खतरनाक बीमारी जहाँ लोग घर में दुबके रहते थे , वही बिपरीत समय मै डॉक्टर मानवता का परिचय दिये है। इनके सेवा भाव के कारण ही कई गंभीर मरीज आज ठीक हो रहे है, वही सचिव लायन अशोक जासवाल ने कहा डॉक्टर्स डे प्रत्येक वर्ष एक जुलाई को मनाया जाता है, लेकिन जिस तरह डॉक्टर्स सेवा करते है इनके सम्मान मै इस तरह के कार्यक्रम होते रहना चाहिए, आज समाज मै इनका सराहनीय योगदान है।मोके पर लायन पवन कुमार अग्रवाल, लायन गुलाब चंद्र प्रसाद, विशाल कुमार ने भी डॉक्टर के कार्यों के सरहानीय कार्य के बिषय मै प्रकाश डाला, मोके पर मंच का सफल संचालन लायन हेमंत कुमार ने किया, मोके पर सदर अस्पताल गुमला के अधीक्षक डॉ अनुपम किशोर को लायंस क्लब गुमला के अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया, साथ ही गुमला सदर अस्पताल के सभी डॉक्टर को लायन सदस्यों के द्वारा पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया गया, सम्मान पाकर सदर अस्पताल के डॉक्टर भाव विभोर नजर आए, मौके पर डॉक्टर सुशांत मुंडा, डॉक्टर सोनिया टोप्पो डॉ सुनील कुमार किसकू, डॉ शकुंतला मुर्मू, डॉक्टर सुरजीत लकड़ा, डॉ राहुल देव उराव, डॉक्टर सोनिया टोप्पो, सहित लायन बनवारी लाल अग्रवाल, लायन विशाल कुमार, शशि किरण,अनुराधा प्रसाद लक्ष्मी आंनद,लायन मुरली मनोहर प्रसाद, आदि लायंस उपस्थित रहे,इस आशय की जानकारी लायंस क्लब गुमला के पी आर ओ लायन हेमंत कुमार ने दी।

## मिशन बदलाव के तहत बच्चों ने किया वृक्षारोपण



गुमला (आजाद सिपाही)। मिशन बदलाव बुद्धेश्वर उरांव से भरनो प्रखंड के सुपा गांव बच्चों के साथ वृक्षारोपण किया गया। साथ ही बच्चों को पर्यावरण और बृक्षों के महत्व के बारे में बताया गया। पर्यावरण के बारे में बच्चों को जागरूक भी किया गया। बुद्धेश्वर उरांव के द्वारा बच्चों को बताया गया कि संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा संचालित विश्व पर्यावरण दिवस प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है और ये दुनिया का बड़े आयोजनों में से एक है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रकृति की रक्षा के लिए जागरूकता बढ़ाना और दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे प्रदूषण को रोकना है। पर्यावरण के बिना जीवन संभव नहीं है। पर्यावरण में पेड़ पौधों से लेकर जीव जंतु और जमीन वायु और जल सब कुछ शामिल है। सभी से मिलकर ही पर्यावरण बनता है। पर्यावरण में रहने वाले सभी एक परिवार की तरह रहते हैं। पर्यावरण का निर्माण प्राकृतिक है। और कई प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं के माध्यम से पर्यावरण असंतुलन भी होता है।

## ट्राइबल आर्टिजन मेला का उपायुक्त ने किया उद्घाटन

# जिले के जनजातीय कारीगर वन धन केंद्रों से जुड़ें : उपायुक्त

- जनजातीय कारीगरों ने स्वनिर्मित वस्तुओं तथा वनोत्पादों को किया प्रदर्शित।
- चयनित उत्पादों को सूचीबद्ध करेगा ट्राईफेड।
- दी गयी जानकारी : 87 वनोत्पादों के लिए सरकार से तय किया गया है न्यूनतम समर्थन मूल्य।

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** ट्राईफेड और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आज शनिवार को शहर के नगर भवन में ट्राइबल आर्टिजन एंपैनलमेंट मेला आयोजित किया गया। इस एक दिवसीय मेले का उद्घाटन उपायुक्त सुशांत गौरव ने आदिवासी महिला कारीगरों के साथ संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस मेले में ट्राईफेड के अधिकारी तथा जिला स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे। मेले में गुमला जिले के दूरस्थ इलाकों से पहुंचे जनजातीय कारीगरों की कलाकृतियों की अधिकारियों ने प्रशंसा की। जिले के जनजातीय कारीगर वन धन केंद्रों से जुड़ें : उपायुक्त मेले का उद्घाटन करने नगर भवन पहुंचे उपायुक्त सुशांत गौरव ने जनजातीय कारीगरों द्वारा प्रदर्शित की गयी वस्तुओं के एक एक स्टाल पर घूम कर सभी की हौसला अफजाइ की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कारीगरों को बिचौलियों के शोषण से मुक्त कराने तथा उन्हें न्यूनतम समर्थित मूल्य पर उनके उत्पादों की बिक्री हेतु प्लेटफॉर्म दिलवाने के लिए वन धन केंद्रों की स्थापना देशभर में की गयी है। गुमला के जनजातीय कलाकार भी इन केंद्रों से अपने आप को जोड़ें। वे इन केन्द्रों की प्रक्रिया को समझें, अगर नहीं जानकारी है तो पंफलेट पर दिये गये फोन नंबर पर कॉल कर जानकारी हासिल करें या फिर जिला प्रशासन के संबंधित अधिकारियों से मिलें। उन्होंने कहा कि जिले में मड़ुआ की खेती को लेकर एक अच्छा माहौल बना है। मड़ुआ एक ऐसा आहार है जो बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक के लिए पोषण जरूरतें पूरी करता है, जलपान से लेकर भोजन तक के मीनू मड़ुआ से बनाए जा सकते हैं। इसलिए जिले के जनजातिय किसान मड़ुवा की खेती को जरूर अपनायें। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा पीवीटीजी के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला तथा बताया कि वे योजनाबद्ध तरीके से जनजातीय विकास की दिशा में गैप एनालिसिस करवा रहे हैं। ट्राईफेड के पदाधिकारियों ने बताया कि अन्य फसलों की तरह भारत सरकार ने 87 वन उत्पादों के लिए भी न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है।

अधिकारियों ने यह भी बताया कि मेले में प्रदर्शित जिन कारीगरों के उत्पादों में कुछ कमी रह गयी होगी उन्हें प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की जायेगी।

इस दौरान प्रशिक्षु आइएएस आशीष गंगवार, आईटीडीए निदेशक इंदु गुप्ता, नगर परिषद प्रशासक संजय कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन सहित आईटीडीए और कल्याण विभाग के तमाम पदाधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय जनजातिय कारीगर मौजूद थे।

# डीसी के सामने कांग्रेसियों ने गिनायी समस्याएं

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चैतु उरॉव की अगुवाइ में उपायुक्त सुशांत गौरव से जिला कमिटी के साथियों के साथ ऑफिस मिलने पहुंचे। जिला के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र के ट्रांसफार्मर खराब होने से परेशान ग्रामीण की समस्या से अवगत कराया। चैतु उरॉव ने कहा कि उन्होंने नया ट्रांसफर के लिए महाप्रबंधक विद्युत आपूर्ति निगम रांची झारखंड को अवगत कराते हुए आवेदन दिया है। उपायुक्त से आग्रह किया कि उपायुक्त भी अपने स्तर से जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर अधिष्ठापन कराने में सहायता करें, जिससे कि ग्रामीण जनता को फिर से सुचारू रूप से बिजली उपलब्ध हो सके। साथ ही शहरी क्षेत्र और विभिन्न गांवों में ग्रामीणों के द्वारा बार-बार पेयजल की समस्या आ रही है डीसी साहब को पेयजल की व्यवस्था सुचारू रूप से कराने की मांग की गयी। साथ ही जिला के चांदनी चौक स्थित सभी अगल-बगल गलीयों में 440 बोल्ट बिजली तार नीचे हो जाने से हर वक्त बड़ी घटना होने की संभावना बनी रहती है उसे भी बिजली तार को ठीक कराया जाये। झारखंड प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि नगर परिषद की नाली जाम और पीसीसी टूट-फूट हो चुकी है जिससे कि पानी जमाव हो रहा है जिससे शहर वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है उन्होंने कहा कि लाखों रुपए खर्च कर नगर क्षेत्र में सुलभ शौचालय जगह-जगह बनाया गया है उसे सुचारू रूप से जो चालू है उसे साफ कराया जाए आज जो बंद पड़ा है उसे चालू किया जाये। सभी मांग को रखते हुए आवेदन डीसी साहब को दिया गया। डीसी साहब के द्वारा कहा गया कि जल्द से जल्द सभी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा । मौके पर जिला महासचिव मोहम्मद कलाम आलम, फिरोज आलम, अजाज अहमद , सचिव तरूण गोप,हंदु भगत, कामगार जिला अध्यक्ष मुख्तार आलम, ओबीसी जिला अध्यक्ष बिंदेश्वर साहू,मंडल अध्यक्ष बेल साजर मिंज, अमर कुजुर, किरण एक्का , शिवराम उरांव आदि लोग उपस्थित थे ।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में दीक्षांत सह दादा-दादी सम्मान समारोह का आयोजन

# दो पीढ़ियों के बीच सेतु बना रहा है कार्यक्रम : डॉ.मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शनिवार को ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल द्वारा ग्रेजुएशन सेरेमनी सह दादा-दादी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की पारंपरिक प्रथानुसार कक्षा प्रेप से प्रथम में पदोन्नत छात्रों को गाउन पहनाकर, पदक तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए इस समारोह का आयोजन किया जाता है। इस समारोह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य है कि इस समारोह में बच्चों के दादा-दादी तथा नाना-नानी अभिभावक स्वरूप आते हैं, जिनका सम्मान ही मुख्य ध्येय है। जिससे यह ज्ञात होता है कि बच्चों के जीवन में उनकी भी महती भूमिका होती है।

इस अवसर पर ऑक्सफोर्ड ग्रुप के निदेशक सह पॉकी विधायक डॉ.शशिभूषण मेहता एवं विद्यालय प्राचार्य डॉ.एके सिंह के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित किया गया।




कार्यक्रम में बच्चों के ग्रैंड पैरेंट्स का अभिवादन करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डां एके सिंह ने कहा कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल डाल्टनगंज में चौथी बार इस सेरेमनी का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बच्चों को प्रोत्साहित करने के साथ ही दो पीढ़ियों के बीच सेतु बनाता है। जो रिश्ता बिना किसी शर्त के होता है वह अनंत होता है तथा उनका अनुभव और नजरिया बच्चों को जीवन की हर परिस्थितियों से जूझने की शक्ति देता है।

प्राचार्य ने कहा कि दादा- दादी एवं नाना-नानी के गुणों का समावेश बच्चों में होता है। इनके द्वारा ही बच्चों को घर में अनुशासन, शिष्टाचार और सुसंस्कार की शिक्षा दिया जाता है। वे सूर्योदय के साथ जग जाना, उठकर बड़ों का पैर छूकर प्रणाम करना, माता-पिता की आज्ञा पालन करना, बड़ों की आज्ञा मानना एवं बुजुर्गों की सेवा करना सीखाते हैं। नैतिक शिक्षा का ज्ञान बच्चे बुजुर्गों से ही प्राप्त करते हैं। भविष्य में चरित्रवान तथा आदर्श मनुष्य बनने की शिक्षा देते हैं। हमें आजीवन दादा-दादी, नाना-नानी की सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम के आरंभ में बच्चों ने मनमोहक गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति द्वारा स्वागत किया। कनिष्ठ छात्रों द्वारा सामूहिक नृत्य की अनुपम छटा प्रस्तुत की गई। छात्रों के द्वारा बुजुर्गों के सम्मान पर आधारित लघु नाटिका का मंचन किया गया। कक्षा एक में पदोन्नत 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 102 मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

ऑक्सफोर्ड ग्रुप के निदेशक सह पॉकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने कहा कि राँची विद्यालय की पुरातन परंपरा अनुसार आयोजित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल डाल्टनगंज की चौथी ग्रेजुएशन सेरेमनी है। यह कार्यक्रम दोनों पीढ़ियों के मध्य नजदीकियाँ बढ़ाती है। उन्होने विद्यालय द्वारा चौथी ग्रेजुएशन सेरेमनी के आयोजन की बहुत सराहना कीह्न। उन्होने आगे कहा कि हमें बुजुर्गों की आज्ञा का पालन करना चाहिए एवं उनके आदर्श जीवन से हमें सीख लेनी चाहिए। जीवन में अनेक कठिनाईयों का सामना करते हुए अविचलित रहकर अपने तथा अपने परिवार की उन्नति के लिए निरंतर परिश्रम करते रहना चाहिए।

कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षिका शिवांगी आनन्द तथा मीनू सिंह ने किया। अन्त में शिक्षिका शिल्पी कुमारी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

# शहर के पांच मोहल्ला में दादा दादी पार्क तैयार : प्रथम महापौर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम द्वारा लगाया जा रहा मल्टी प्ले स्टेशन जिसका शिलान्यास प्रथम महापौर अरूणा शंकर द्वारा अपने कार्यकाल में किया गया था उसका निरीक्षण करने स्वयं प्रथम महापौर अरुणा शंकर कोयल रिवर फ्रंट गई और खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मेरा सपना था जैसे मैंने युवाओं एवं परिवार के लिए कोयल रिवर फ्रंट बनाया, बच्चों के लिए बहुचर्चित गांधी उद्यान बनाया उसी तरह हर वार्ड में दादा दादी पार्क बनाऊं जहां दादा दादी अपने नाती, पोते, पोतियो को लेकर खिलाने जाए और उन्हें खेलते देख उन्हें खुशी मिल सके। प्रथम महापौर ने बताया कि अभी प्रथम फेज में चैनपुर, शाहपुर, कोयल रिवरफ्रंट पार्क, सिंचाई कॉलोनी, सूर्य मंदिर एवं रांची रोड निगम जोनल कार्यालय में लगाया जा रहा है जिसका काम दो-तीन दिनों में पूरा हो जायेगा। प्रथम महापौर ने बताया इस मल्टी प्ले स्टेशन को वर्ल्ड क्लास रबड़ टेफलॉन फ्लोरिंग पर लगाया जा रहा है जहां छोटे-छोटे बच्चों को खेलते वक्त चोट ना लगे। महापौर ने कहा कि आगे जिस जिस वार्ड में जमीन का एनओसी मिलेगा वहां वहां नगर आयुक्त से अनुरोध कर इससे लगवाया जायेगा ताकि बच्चों को खेलने के लिए अपने मोहल्ले में ही दादा दादी पार्क मिल सके।

# विभाग लापरवाह, लटकते बिजली के तार दे रहे हादसे को दावत

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के सूदूरवर्ती कुलहिया में बिजली विभाग की लापरवाही से कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। ग्राम कुलहिया के भुइंया टोला और चेंड़ी थान के बिचो बीच खंभों पर जमीन से मात्र 6 से 7 फुट ऊपर मेन लाइन 11 हजार वोल्ट के बिजली तार लटक रही है। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों के शिकायत करने पर भी कर्मचारियों और अधिकारियों के कानों पर जूं नहीं रेग रही है। विभागीय लापरवाही और कर्मचारियों संबंधित अधिकारियों की उदासीनता रवैया के चलते लटके उक्त बिजली तार से कभी भी कोई बड़ी हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त रास्ते बकरियों एवं मवेशियों को चारा चराने के लिए प्रतिदिन आते जाते हैं। वहीं लटके नगें बिजली तार के कारण ग्रामीणों में भय बनना शुरू हो गया है साथ ही बरसात का मौसम भी शुरू है और अगल बगल खेतिहर जमीन होने के कारण लोग उसमें बुवाई जुताई में जुट गये हैं। कई महीनों से तार झूले रहने के कारण उक्त रास्ते से ट्रैक्टर या बड़े वाहन भी नहीं पार होती है। यदि समय रहते विभाग जल्द से जल्द इन झुके हुए खंभों और तार को दुरुस्त नहीं कराती है तो कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। इसकी जानकारी विजय यादव, हरेन्द्र यादव, अर्जुन यादव, मुन्ना यादव, रूपेश यादव आदि लोगों ने दी।

# सम्मान बच्चों को आगे बेहतर करने की प्रेरणा देगा : गिरिनाथ सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बेलचम्पा के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के टॉपर छात्र छात्राओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमे स्कूल के टॉपरों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा दसवीं व बारहवीं के छात्र छात्राओं को विदाई दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष गीरेंद्र नाथ पांडे व विद्यालय के संस्थापक उमेश सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती का पूजन तथा




दीप प्रज्वलित करके किया। समारोह की अध्यक्षता निदेशक अमित कुमार सिंह बाबुल व संचालन प्राचार्य ओम प्रकाश मिश्रा ने किया। गिरिनाथ सिंह ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में अच्छा करने वालों को सम्मानित किया जाना चाहिए। स्कूल प्रबंधन द्वारा मिला यह सम्मान बच्चों को आगे भी और बेहतर करने की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रबंधन के प्रयास से दिन प्रतिदिन यह स्कूल सफलता की ऊंचाई की ओर अग्रसर है। चेयरमैन अमित कुमार सिंह बाबुल ने कहा कि इस सत्र का शत-प्रतिशत परिणाम बच्चों के कड़ी मेहनत और शिक्षक शिक्षिकाओं के कुशल मार्गदर्शन का प्रतिफल है। समारोह में नयनतारा सिंह इंटर कॉलेज के टॉपर्स सत्यम कुमार और अमृता कुमारी को भी प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। सभी टॉपरों को अतिथियों द्वारा मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षक शैलेश चौबे, अजीत तिवारी, सुरेंद्र शर्मा, गीता पांडे, पियूष पांडे, विकास दीप चौबे, नंद कुमार ठाकुर, आशु चौबे, मधु चौबे, प्रतिमा, आभा चौबे, चंचला दीक्षित, सुधाकर पांडे सहित काफी संख्या में अभिभावक और छात्र-छात्रा मौजूद थे।

# महाजनसंपर्क अभियान के बहाने लोगों की नब्ज टटोलने पांकी क्षेत्र पहुंचे ब्रजकिशोर तिवारी

रामप्रकाश तिवारी

**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)।** लोकसभा चुनाव 2024 होना है लेकिन प्रत्याशी कुछ न कुछ बहाने लेकर जनता के बीच पहुंचने लगे हैं। इसी कड़ी में चतरा जिला परिषद के उपाध्यक्ष सह चतरा जिला भाजयुमो पूर्व अध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी पांकी विधानसभा क्षेत्र के पांकी, तरहसी, कुंदरी नीलांबर पीताबरपुर पहुंचे जहां भाजपाईयों ने उन्हें गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। बिरजू तिवारी ने कुंदरी में भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा जगतपुरा मोड़ पर कारगिल शहीद युगम्बर दीक्षित की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा नीलांबर पितांबरपुर स्थित गांधी चौक पर गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महावीर मंदिर व काली मंदिर में पूजा अर्चना किया। साथ ही जनसंघ के समय से भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता नारायण सिंह एवं परशुराम तिवारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कुंदरी गांव के उग्रवादी हमले में शहीद हुए जवान अखिलेश राम के पिता को फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। महा जनसंपर्क अभियान के तहत श्री तिवारी ने कई कार्यकर्ताओं को माला और टोपी देखकर स्वागत किया तथा पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता के फार्म हाउस पहुंच उनसे औपचारिक मुलाकात भी की। चतरा में स्थानीय उम्मीदवार की भी जरूरत है। हालांकि बिना कुछ बोले ही इशारों इशारों में ही बिरजू बहुत कुछ कह गये। कार्यक्रम के दौरान कन्हाचट्टी मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह,चतरा मंडल महामंत्री शिवनाथ पांडे, भाजपा नेता प्रदीप पासवान, नवल सिन्हा, प्रकाश राम, नीलांबर पितांबरपुर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, महामंत्री राजू रंजन शुक्ला, मनातू मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, काशीराम विश्वकर्मा, नगीना सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# भाजपा कर्मठ लोगों को पुरस्कृत करती है: आदित्य साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा की पलामू प्रमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन में हुई। जिसमें पलामू प्रमंडल के साथ-साथ चतरा जिले को भी सम्मिलित किया गया। इस बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू मुख्य रूप से मौजूद थे। इस प्रमंडलीय बैठक की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक ने किया व विषय प्रवेश कराते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। वहीं लातेहार के जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह ने स्वागत भाषण किया।




मुख्य अतिथि आदित्य साहू ने समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि आप सभी ने पूरे जोर-शोर से पूरे एक महीने तक जिस जोश खरोश से कार्य किया वह बिल्कुल ही सराहनीय है। इसी लगन के साथ आप सभी कार्य करते रहें। छोटे कार्यकर्ता ही अपने कार्यों के अनुसार ऊंचे ऊंचे पदों पर जाते हैं। अतः कर्मठता आप को आगे बढ़ाने का कार्य करेगा। भाजपा एक पहली पार्टी है जिसमें कर्मठ लोगों को पार्टी चिन्हित करके उन्हें पुरस्कृत करने का कार्य करती है। केवल यही एकमात्र कार्यकताओं की पार्टी है जिसमें पैरवी की आवश्यकता नहीं पड़ती है,योग्य कार्यकताओं को स्वताः आगे बढ़ाया जाता है। आप सब ने जो मेहनत किया है उसका सुखद प्रभाव आने वाले समय में मिलने वाला है। आप सभी को तहे दिल से धन्यवाद।

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि कई मंडल अध्यक्षों ने तो बहुत जबरदस्त कार्य किया है जिसका मैं हृदय से धन्यवाद करना चाहता हूं। आप सभी का यह मेहनत आने वाले भविष्य में रंग लाएगा।

वहीं प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने कहा कि आप सभी का यह प्रयास रंग लायेगा इसी तरह निरंतर पार्टी कार्य में संलग्न रहें ताकि आने वाला भविष्य सुखद हो। मौके पर चतरा विधायक किशनदास, डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया, पाँकी विधायक डां शशिभूषण मेहता, पूर्व विधायक गिरीनाथ सिंह, श्याम नारायण दुबे, गढ़वा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, पलामू प्रभारी विनय जयसवाल, लातेहार प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, चतरा प्रभारी विपिन बिहारी सिंह, रघुराज पांडे, अलख पांडे, परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडे, बृजमोहन राम, अरुणा शंकर, दुर्गा जोहरी, लवली गुप्ता, अविनाश वर्मा, श्याम नीलम देवी के साथ-साथ सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, भाजपा के जिले के व प्रमंडल के नेता उपस्थित थे।

# आशी केयर अस्पताल में मना डॉक्टर्स डे



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी रोड स्थित आशी केयर अस्पताल में मना डॉक्टर्स डे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख पलामू सिविल सर्जन डां अशोक कुमार उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरूवात अस्पताल के निदेशक मनीष तिवारी ने मुख्य अतिथि और सभी डाक्टर्स को पुष्पगुच्छ और शाल देकर की। इसके बाद सभी ने मिलकर द्वीप प्रज्वलित किया। सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने इस अवसर पर कहा कि इस तरह के कार्यक्रम होते रहने से एक दूसरों के बारे में जानने और कमियों को सुधरने में मदद मिलती है।

इसके बाद केक काटा गया। कार्यक्रम का संचालन अस्पताल के महाप्रबंधक डॉ राहुल ने किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक दीपक गुप्ता, डां साकेत सोनी, डां मथुरा प्रसाद, डां अशोक मिश्रा, डां अतुल प्रकाश, डां चर्चिल, डां अमित मिश्रा, डां रामानुज, डां रेणु, डां रजत तथा अस्पताल के सारे कर्मचारियों उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स




सैफ चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मुकाबले से पहले भारतीय फुटबॉल टीम के लिए बुरी खबर सामने आई है। कोच इगोर स्टिमक पर दो मैचों का बैन लगा दिया गया है। स्टिमक को कुवैत के खिलाफ रेड कार्ड दिखाया गया था। इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ भी भारतीय कोच को मैच अधिकारियों संग बहस करने के लिए रेड कार्ड मिला था।

# सेमीफाइनल से पहले बढ़ी भारतीय फुटबॉल टीम की मुश्किलें, कोच पर लगा दो मैचों का बैन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सैफ चैंपियनशिप 2023 में भारतीय फुटबॉल टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। सुनील छेत्री की अगुवाई में टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए सेमीफाइनल तक का सफर तय कर लिया है। हालांकि, लेबनान के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले से पहले टीम के लिए एक बुरी खबर सामने आयी है। दरअसल, भारतीय टीम के कोच इगोर स्टिमक पर दो मैचों का बैन लगाया है। यानी भारतीय टीम सेमीफाइनल में कोच के बिना ही मैदान पर उतरेगी।



**कोच पर लगा दो मैचों का बैन** भारतीय फुटबॉल टीम के कोच

**सैफ चैंपियनशिप:** सैफ चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मुकाबले से पहले भारतीय फुटबॉल टीम के लिए बुरी खबर सामने आई है। कोच इगोर स्टिमक पर दो मैचों का बैन लगा दिया गया है। स्टिमक को कुवैत के खिलाफ रेड कार्ड दिखाया गया था। इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ भी भारतीय कोच को मैच अधिकारियों संग बहस करने के लिए रेड कार्ड मिला था।

इगोर स्टिमक कुवैत के खिलाफ खेले गए मुकाबले में मैच अधिकारियों संग बहस करते हुए नजर आये थे, जिसके चलते उनको रेड कार्ड दिखाया गया था। रेड कार्ड मिलने की वजह से स्टिमक पर दो मैचों का बैन लग गया है। कुवैत के खिलाफ आखिरी ग्रुप मैच में भारतीय टीम ने 1-1 से ड्रॉ खेला था।

### पाकिस्तान के खिलाफ भी मिला था रेड कार्ड

इगोर स्टिमक को भारत और पाकिस्तान के खिलाफ खेले गये मुकाबले में भी रेड कार्ड दिया गया था। भारतीय कोच उस मैच में भी मैच अधिकारियों से बहस करते हुए दिखाई दिये थे। हालांकि, उस मुकाबले में स्टिमक के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गयी थी। भारतीय कोच पर दो मैचों के बैन के साथ-साथ 500 डॉलर का जुर्माना भी ठोका गया है।

### सेमीफाइनल में लेबनान से टक्कर

भारतीय टीम सैफ चैंपियनशिप टूनार्मेंट में शानदार फॉर्म में नजर आयी है। कप्तान सुनील छेत्री ने लगभग हर मुकाबले में अपने प्रदर्शन से छाप छोड़ी है और दनदनाते हुए गोल दागे हैं। सेमीफाइनल में टीम इंडिया की टक्कर लेबनान के साथ है। लेबनान ने मालदीव को हराते हुए अंतिम चार में अपनी जगह बनायी है।

# 'सुपर मॉम' दीपिका पल्लीकल ने चीन में लहराया परचम

## जीता गोल्ड, पाकिस्तानी जोड़ी को भी चटाई धूल

**हाइलाइट्स**

- एशियन स्क्वॉश चैंपियनशिप के मिक्स्ड डबल्स का खिताब किया अपने नाम
- अनुभवी खिलाड़ी दीपिका पल्लीकल जुड़वां बच्चों की मां हैं।



**हुआंगजोऊ (चीन)।** किसी भी महिला खिलाड़ी के लिए मां बनने के बाद खेल में वापसी आसान नहीं होती। लेकिन क्रिकेटर दिनेश कार्तिक की पत्नी दीपिका पल्लीकल ने ना केवल वापसी की बल्कि वह चैंपियन भी बन रहीं हैं। दीपिका पल्लीकल कार्तिक और हरिंदरपाल सिंह संधू की भारतीय जोड़ी ने शुक्रवार को एशियाई स्क्वॉश मिक्स्ड डबल्स चैंपिनशिप का स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## सांसद ने किया चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास



**महुदा (आजाद सिपाही)।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट योजना अंतर्गत धनबाद जिले के बाघमारा प्रखंड के उमवि कचर्रा में शनिवार को गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने चाहर दिवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस बीच स्कूली बच्चों ने सांसद का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। सांसद ने बताया कि यहां के शिक्षकों बताया कि विद्यालय के लिए चहार दीवारी की आवश्यकता हैं। इसके बाद ही दीवार निर्माण का शिलान्यास किया गया। इस दौरान संसद ने स्कूली बच्चों से मिलकर उनके पठन-पाठन की जानकारी की। उन्होंने कहा कि किसी भी चीज की आवश्यकता होती तो उसे पूरा किया जायेगा। इस मौके सांसद प्रतिनिधि गिरिधारी महतो, नरेश महतो, शिवा प्रसाद हाड़ी, मनोज महतो, ब्रजेश ठाकुर, पूर्व मुखिया संपद घोषाल आदि उपस्थित थे।

## डॉक्टर्स डे पर तीरंदाजी संघ ने डॉक्टरों को किया सम्मानित




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डॉक्टर्स डे पर धनबाद जिला तीरंदाजी संघ की ओर से शनिवार को धनबाद की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शिवानी झा और उनकी बेटी डॉक्टर नेहा प्रियदर्शिनी को महासचिव जुबेर आलम, उपाध्यक्ष तारक नाथ दास और स्काउट एंड गाइड धनबाद ग्रुप एसिडेंट एसएन राव ने शॉल ओढ़ाकर व तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया। जुबैर आलम ने कहा कि धर्म कैसे निभाते हैं यह डॉक्टर्स से सीख सकते हैं। वे धर्म में किसी की जान लेते नही हैं, बल्कि जान बचाते हैं। इस लिए धरती पर सिर्फ दो भगवान होते हैं एक मां और दूसरा डॉक्टर्स। इस मौके पर गीता देवी, सुनीता देवी, रीना यादव, पुनीता कुमारी, सुनीता कुमारी, धीरज सिंह, धीरेन कुमार रजवार, छोटे लाल गोप, राकेश कुमार,मुन्ना झा, पुष्पा एंथोनी, गौतम मंडल, धर्मेंद्र कुमार रोहितवाल, वीरेंद्र यादव, रंजीत कुमार, गोलू कुमार आदि उपस्थित थे।

## गोमिया प्रखंड कमेटी का गठन, महिपाल प्रसाद अध्यक्ष और सुनीता बनी सचिव

**आइइएल (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक शनिवार को नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता शिक्षिका तारामणि कच्छप व संचालन शिक्षक गौतम कुमार चौधरी ने किया। बैठक में झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव रविंद्र प्रसाद सिंह, बेरमो के प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार, शिक्षक मुफीद अंसारी और लालचंद महतो की देखरेख में गोमिया प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। इसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय के शिक्षक महिपाल प्रसाद को अध्यक्ष और प्लस-2 गोमिया की शिक्षिका सुनीता को सचिव मनोनित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष सुनील कुमार महतो, रश्मि जैन कोषाध्यक्ष, वीरेंद्र भाई पटेल के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में रोहित महतो, राजेश कुमार प्रसाद, संदीप कुमार, प्रखंड प्रवक्ता मिनेश कुमार, डब्ल्यू कुमार, मुंशी कुमार, विद्यालय प्रतिनिधि संजय महतो, संदीप प्रसाद, शोभा साहनी, अमर शक्ति प्रसाद, राजेश कुमार, रमेश कुमार दास, उमेश रविदास, आरती कुमारी, चक्रधारी प्रसाद, त्रिवेणी महतो, मिनेश कुमार, प्रीति डे बनाए गए। बैठक में संगठन की मजबूती के साथ ही शिक्षकों के प्रति माह वेतन में देरी, सेवा संपुष्टि में देरी, सेवा पुस्तिका खुलने में देरी, चिकित्सा अवकाश व मातृत्व अवकाश में स्वीकृति देने में आना कानी, गैर शैक्षणिक कार्यों पर दबाव आदि मुद्दों पर चर्चा हुई। महासचिव ने प्रखंड के नव मनोनित पदाधिकारियों को संदेश दिया की इमानदारी से संघ और संगठन की मजबूती का कार्य करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें जिससे जिला स्तर और राज्य स्तर पर संगठन मजबूती से आगे बढ़े और शिक्षकों की समस्याओं का समाधान हो सके। इस मौके पर मधुकर सिंह, शिवशंकर प्रजापति, स्वेता कुमारी, संतोष महतो, धनंजय महतो आदि उपस्थित थे।

## पूर्व डिप्टी सीएमओ की बेटी को भारतीय वन सेवा परीक्षा में मिला तीसरा स्थान



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** क्षेत्रीय चिकित्सालय के पूर्व डिप्टी सीएमओ (नेत्र रोग विशेषज्ञ) डॉ आरडी मिश्रा की बेटी अनुराधा मिश्रा ने यूपीएससी की परीक्षा 2022 की इंडियन फॉरेस्ट सर्विस की परीक्षा में पूरे भारत में तीसरा स्थान प्राप्त कर धनबाद का नाम रोशन किया है। उसकी इस सफलता पर पूरा परिवार गौरवांवित है। अनुराधा डीएवी कोयला नगर से प्लस टू करने के बाद कंम्पयूटर सांइस में बीटेक बीट्स पिलानी से की थी। अनुराधा के पिता ड आरडी मिश्रा ने बताया कि वह बचपन से ही पढ़ाई में तेज रही है। वहीं अनुराधा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया।

## स्वास्थ्य के प्रति सभी को जागरूक होने की है जरूरत : प्राचार्य बीएमएल दास




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर शनिवार को डीएवी सेक्टर-6 के प्रांगण में डॉक्टर बीसी राय को याद किया गया। इस दौरान प्राचार्य बीएमएल दास ने कहा कि डॉ राय स्वस्थ समाज के पक्षधर थे। वह बड़े-बड़े पदों पर आसीन रहते हुए भी अपने चिकित्सक धर्म को नहीं भूले। जब भी समय मिलता वे मरीजों के इलाज में जुट जाते थे। कहा कि स्वस्थ समाज का निर्माण तभी संभव है, जब हर व्यक्ति तन-मन से स्वस्थ हो। इसकी शुरूआत बाल्यकाल से ही होनी चाहिये। अपने स्वास्थ्य के प्रति सभी को जागरूक होने की जरूरत है। आज के समय में बदलती दिनचर्या के कारण हम विभिन्न प्रकार की बीमारियों की चपेट में आने लगे हैं। इन बीमारियों से निजात पाने के लिए चिकित्सकों की सहायता लेनी जरूरी है। स्कूल में समय-समय पर चिकित्सा शिविर लगाकर यही संदेश देने की प्रक्रिया जारी रहती है स्वस्थ रहें, खुश रहें।

## धनबाद के सांसद की अध्यक्षता में हुई जिला विकास समन्वय सह दिशा की बैठक

# जमीन को बर्बाद कर रहा बीसीसीएल : पीएन सिंह

**खनन के दौरान ओबी को दूसरी जगह गिराने पर जताई नाराजगी, भगतडीह से कतरास मोड़ तक हाइवा से सड़क पर मिट्टी आ जाने से दुर्घटना की बनी रहती है आशंका : पूर्णिमा**

आजाद सिपाही संवाददाता



जिला समन्वय समिति की बैठक में मौजूद सांसद, विधायक, डीसी व अन्य

**धनबाद।** सांसद सह जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) के अध्यक्ष पशुपतिनाथ सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय में दिशा की बैठक हुई। सांसद ने कहा कि डीसी ने हर बिंदु पर समस्या का समाधान करने का प्रयास किया है। धनबाद में पेयजल समस्या का समाधान करने के लिए वृहद रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक का उद्देश्य जनता की हर बुनियादी मांग को पूरा कर उन्हें संतुष्ट करना है। सांसद ने जनसंख्या के अनुरूप जलापूर्ति योजना तैयार करने, चिरकुंडा में पानी की टंकी बनाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने, जीतपुर में पुल तक एप्रोच रोड को मरम्मत कराने का आग्रह किया। साथ ही झरिया जलापूर्ति योजना के प्रगति का पूर्ण प्रतिवेदन जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही कहा कि बीसीसीएल को कोयला खनन कर राज्य सरकार को जमीन जैसी थी वैसी हालत में लौटना चाहिए। पर बीसीसीएल खनन करके जमीन से निकाला गया ओवर बर्डन दूसरी जमीन पर रखकर उसे नुकसान पहुंचा रहा है। वहीं, टुंडी विधायक मथुरा महतो ने ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की गंभीर समस्या का समाधान करने, तोपचांची में विवाह भवन बनाने, हाई स्कूल को उपयोग में लाने, बरवाअड्डा-टुंडी रोड में पुल तक अप्रोच रोड बनाने और खदानों में भारी मात्रा में स्टोर पानी को उपयोग में लाने का आग्रह किया। वहीं, धनबाद विधायक राज सिन्हा ने मनोरम नगर, विकासनगर, जगजीवन नगर इत्यादि क्षेत्रों में पेयजल समस्या का समाधान करने, 2014 में परसयिया में बने भवन की जर्जर स्थिति के लिए जवाबदेही तय करने का सुझाव दिया। जबकि झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने झरिया-बलियापुर सड़क की गुणवत्ता की जांच कराने का आग्रह किया। कहा कि पुराना आरएसपी कॉलेज से कतरास मोड़ तक और राजापुर परियोजना के पास सड़क पर मिट्टी आ जाने से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सड़क की ऐसी ही दशा गौशाला मोड़ से सिंदरी थाना तक है। इस पर डीसी ने कहा जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त सभी सुझाव पर कारगार कदम उठाए जाएंगे। इसके अलावा जहां पेयजल का स्रोत है वहां नए योजना को स्वीकृत करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। बैठक में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, डीसीसी शशि प्रकाश सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## वन विभाग का अवैध उत्खनन स्थल पर छापा, पुलिस नदारद

**आजाद सिपाही में लगातार छप रही खबर के बाद हुई कार्रवाई**

**महुदा (आजाद सिपाही)।** भाटडीह ओपी के मुरलीडीह पांच नंबर में चल रहे अवैध माइंस से कोयले की अवैध निकासी को लेकर आजाद सिपाही अखबार लगातार तीन दिनों से खबर प्रकाशित कर रहा है। इसके बाद वन विभाग की टीम रेस हुई और शनिवार को छापामारी कर कई अवैध माइंस के मुहानों की भराई करवायी। हालांकि हैरत की बात यह रही कि उस अभियान के दौरान कहीं कोई पुलिस कर्मी दिखाई नहीं दिया। विदित हो कि जनप्रतिनिधियों के प्रयास से उक्त माइंस को दो वर्ष पहले ही पुलिस ने बंद कर दिया था। वहीं नए थानेदार के आते ही कोयला तस्करों द्वारा अवैध माइंस के बंद मुहानो को खोलकर पुनः खनन शुरू कर दिया गया था। इस बीच आजाद सिपाही में छपी खबरों को संज्ञान लेते हुए वन अधिकारी नारायण कुमार महतो के नेतृत्व में पेय जलापूर्ति भवन के समीप चल रहे सभी अवैध माइंस पर छापामारी कर मुहानों को दोबारा बंद करवा दिया गया। वन विभाग कि इस कार्रवाई से कोयला तस्करों में हड़कंप मचा हुआ हैं। वन विभाग द्वारा माइंस के नजदीक कोयला लौडिंग के लिए रखी सीढ़ी और बोरियों में आग लगाकर उसे नष्ट कर दिया गया। खबर लिखें जाने तक उक्त मामले में वन विभाग की ओर से कोई लिखित कार्रवाई नहीं की गई। वनरक्षी नारायण महतो ने कहा कि वरीय वन अधिकारी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गयी है। उक्त जानकारी अखबार में छपी खबर के माध्यम से हुई थी। सभी अवैध मुहानों को फिलहाल बंद कर दिया गया हैं। आगे की कार्रवाई वरीय वन अधिकारी के निर्देश के बाद किया जायेगा।

## मजदूरों की समस्याओं का समय पर समाधान नहीं हुआ तो होगा उग्र आंदोलन : अजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**कथारा।** कोलियरी परियोजना में कार्यरत मजदूरों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (राकोमयू) के प्रतिनिधिदल और प्रबंधन के बीच शनिवार को सकारात्मक वार्ता हुई। जिसमें कामगार श्रमिकों से संबंधित मुख्य 15 सूत्री मांगों पर चर्चा करते हुए समय पर समस्याओं का निपटारा करने की सहमति बनी। इसमें अवकाश प्राप्त एवं मृत श्रमिक जिनका पेंशन मद में राशि की कटौती की गई थी, जो पेंशन के हकदार नहीं हुए वैसे सभी लोगों का काटा गया पैसा सूद सहित वापस करने, मृत एवं अवकाश प्राप्त कर्मचारियों का सीएमपीएफ, ग्रेच्युटी, लीव इनकैशमेंट, सेटलिंग भत्ता सहित अन्य बकाया पैसों का अति शीघ्र आवंटन, वंचित श्रमिकों को जल्द पदोन्नति, आवास आवंटन में अनियमितता दूर करने, एसएलपी के लाभ से वंचित कर्मचारियों को एसएलपी का भुगतान करने, पे प्रोडक्शन के लाभ से वंचित कर्मचारियों को एरियर का भुगतान करने, कैंटीन व शौचालय का निर्माण करने आदि मांगों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करते हुए जल्द से जल्द निराकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आश्वासन मिला। वार्ता में प्रबंधन की ओर से परियोजना पदाधिकारी बसंत कुमार साहू, खान प्रबंधक कृष्ण मुरारी, परियोजना अभियंता विद्युत अकबर आलम, कार्मिक प्रबंधक गुरु प्रसाद मंडल, जबकि यूनियन की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, विल्सन फ्रांसिस, अवधेश सिंह, राजेश शर्मा, आशीष चक्रवर्ती, धनेश्वर यादव, प्रमोद कुमार सिंह, इस्लाम अंसारी, सीएस प्रसाद आदि मौजूद थे।

## गरीब की थाली से गायब होने लगी सब्जियां

# थाली से दूर हो रही सब्जियां अदरख व टमाटर हुए लाल

आजाद सिपाही संवाददाता



### फुसरो बाजार में मिल रही सब्जियों के भाव

| सब्जियां | कीमत |
|---|---|
| टमाटर | 120 से 150 रुपये (किलोग्राम) |
| परवल | 50 से 60 रुपया (किलोग्राम) |
| भिंडी | 50 से 60 रुपया (किलोग्राम) |
| गोभी | 60 से 80 रुपया (किलोग्राम) |
| पत्ता गोभी | 40 रुपया (किलोग्राम) |
| लौकी | 40 रुपया (किलोग्राम) |
| करेला | 60 से 80 रुपया (किलोग्राम) |
| शिमला मिर्च | 160 रुपया (किलोग्राम) |
| खीरा | 40 रुपया (किलोग्राम) |
| अदरक | 300 रुपया (किलोग्राम) |
| बैगन | 50 रुपया (किलोग्राम) |
| मिर्च | 160 रुपया (किलोग्राम) |

**फुसरो/बेरमो।** भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए लोगों को मानसून का बेसब्री से इंतजार था। पर मानसून का प्रवेश होते ही सब्जियों का भाव आसमान छूने लगा है। सब्जियों के दामों में अचानक से दो से चार गुणा तक की वृद्धि हो गयी है। इसका सीधा असर गरीब-मध्यम वर्गीय परिवारों की रसोई पर पड़ा है। नौबत यहां तक पहुंच गयी है कि खाने की थाली से धीरे-धीरे सब्जियां गायब होने लगी है। क्योंकि इसके दाम आसमान छूने लगे हैं। कुछ समय पहले तक 15-20 रुपये किलो बिकने वाला टमाटर तो 120 से 150 रुपये किलो तक पहुंच गया है। इसके अलावा सरसो तेल, अरहर दाल आदि भी अचानक से महंगी बिकने लगी है। महंगी हो रही सब्जियों के लिए दुकानदार लगातार हो रही बारिश को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। क्योंकि खेतों में लगी सब्जियां खराब होने लगी हैं। ट्रांसपोर्ट की आवाजाही प्रभावित हुई है। बेरमो के कई सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि किसानों के पास जो थोड़ा बहुत माल बचा है वो उसे ही बेच रहे हैं। वहीं, किसानों का आरोप है कि उसने औने-पौने दाम में खरीद कर बिचौलियों अब मोटी कमाई के लिए सभी सब्जियों को महंगे दामों में बेच रहे है। किसानों को मिलने वाला मुनाफा बिचौलिए खा रहे हैं। स्थानीय स्तर पर सब्जियों का उत्पादन कम होने की वजह से दूसरे राज्यों से मंगवाना पड़ रहा है।


**झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० -08 / 2023–24**
**Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 3. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय | :– | 11.07.2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय | :– | 12.07.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 12.07.2023 को अपराह्न 3.30 बजे । |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची। |
| 7. | निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः– | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 8. | कार्यो की विवरणी | :– | |

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of septic tank, soak pit, sewer line, new pipe line connection, Replacement of 2000/1000 liter Capacity HDPE water storage tank and its allied works at Dr. Qtr. No-04, RIMS under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 5,51,202.00 | 12,000.00 | 1250.00 | 30 Days |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

PR 301187 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची**
**Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com**

**अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –07 / 2023–24**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 3. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय | :– | 10.07.2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय | :– | 11.07.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 11.07.2023 को अपराह्न 3.30 बजे । |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची। |
| 7. | निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः– | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 8. | कार्यो की विवरणी | :– | |

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of toilet cum bathroom with replacement to all CP bathroom fittings with damaged GI pipe line and cuttings grinding and cleaning of marble floor to community Building at RIMS under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 14,33,649.00 | 30000.00 | 2500.00 | 30 Days |
| 2. | Renovation of water supply, sanitary installation and sewerage system including tiles and repairing the bathroom with allied doors in boys hostel No-6 in RIMS under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 14,89,287.00 | 30,000.00 | 2500.00 | 20 Days |
| 3. | Seepage repair and renovation of ladies & gents toilet and bathroom & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at 1st floor rain basera RIMS under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 15,69,544.00 | 32,000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 4. | Seepage repair and renovation of general toilet and bathroom (Left Side) & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work B-1 Block at 1st floor medicine ward RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 17,16,089.00 | 35,000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 5 | Renovation of water supply, sanitary installation and sewerage system including tiles and repairing the bathroom with allied doors in boys hostel No-5 in RIMS under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 19,69,725.00 | 40,000.00 | 5000.00 | 20 Days |
| 6. | Seepage repair and renovation of general toilet and bathroom Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at (Ground floor + 1st +2nd floor) PG Girls Hostel No -01 (Himi)South-West Corner RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 19,86,559.00 | 40,000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 7. | Seepage repair and renovation of general toilet and bathroom Improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at (Ground floor + 1st +2nd floor) PG Girls Hostel No -01 (Hirni) Near Kitchen South-East Corner RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 19,94,635.00 | 40,000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 8. | Seepage repair and renovation ofDoctors toilet, Sister toile, Staff toilet and general toilet (Right & Left Side) & improvement of W/S, S/I, Sewerage work and other allied works at A1 Block , Ground floor, Kaidee Ward RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 20,48,281.00 | 41,000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 9. | Seepage repair and renovation of Staff, sister Dr. chamber toilet & general toilet and bathroom (Right Side) & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work B-1 Block at 2nd floor medicine ward RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 20,60,568.00 | 42,000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 10. | Seepage repair and renovation of Ladies & gents toilet and bathroom & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work at (2nd + 3rd floor Rain Basera RIMS uner D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 22,69,518.00 | 46,000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 11. | Seepage repair and renovation ofDoctors toilet, Sister toile, Staff toilet and general toilet (Right & Left Side) with improvement of W/S, S/I, Sewerage work and other allied works at A2 Block, 4th floor Pediatrics and Neonatology Department RIMS Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 23,80,571.00 | 48,000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 12. | Seepage repair and renovation of Doctors toilet, Sister toile, Staff toilet and general toilet (Right & Left Side) with improvement of W/S, S/I, Sewerage work and other allied works at A2 Block, 3rd floor, Skin and Leprosy Department RIMS Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 24,12,125.00 | 49,000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 13. | Improvement of water supply by Replacement of Old & Rusted Damaged different dia 65mm, 50mm, 40mm, 32mm & 25mm GI pipe Block-A, Pediatrics A -2 & Gynae C -2 on Roof at RIMS Baruyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 24,58,736.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 14. | Seepage repair and renovation of toilet Cum bathroom improvement of W/S , and sanitary fittings and Sewerage work and other allied works at 100 Beded paying ward room No (11A) at 1st floor to 5th floor of RIMS Baruyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 24,75,402.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 15. | Improvement of water supply by Replacement of Old & Rusted Damaged different dia 65mm, 50mm, 40mm, 32mm & 25mm GI pipe Block-C, Gynae ward C-1 & C-2 on Roof at RIMS Baruyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 24,92,940.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 16. | Seepage repair and renovation of toilet Cum bathroom and improvement of W/S , and sanitary fittings and Sewerage work and other allied works at 100 Beded paying ward room No (09A,10A) at 1st floor to 5th floor of RIMS campus Baruyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 24,96,892.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 30 Days |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

PR.NO.301189 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

# एनटीपीसी ने कोयला उत्पादन और प्रेषण में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/ भुवनेश्वर।** भारत के अग्रणी एकीकृत बिजली उत्पादक एनटीपीसी लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2024 की पहली तिमाही के दौरान इसी अवधि की तुलना में अपनी कैप्टिव खदानों से कोयला उत्पादन में 99% की पर्याप्त वृद्धि दर्ज की है। पिछले वर्ष। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024 के पहली तिमाही के दौरान 8.48 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) का प्रभावशाली कोयला उत्पादन हासिल किया, जबकि वित्तीय वर्ष 2023 वित्तीय वर्ष के पहली तिमाही में यह 4.27 एमएमटी था। इसके अलावा, एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही में 8.82 एमएमटी



का कोयला प्रेषण भी हासिल किया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 112% की महत्वपूर्ण वृद्धि दर्शाता है। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन एनटीपीसी की अपनी कैप्टिव खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने और देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कुशल आपूर्ति सुनिश्चित करने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

एनटीपीसी राष्ट्र को विश्वसनीय और टिकाऊ बिजली प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कोयला उत्पादन और प्रेषण में यह उल्लेखनीय वृद्धि परिचालन उत्कृष्टता के प्रति एनटीपीसी के समर्पण और भारत की ऊर्जा मांगों को पूरा करने में उसके योगदान का प्रमाण है।

कंपनी अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने और देश के ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए नवीन प्रौद्योगिकियों और टिकाऊ प्रथाओं का पता लगाना जारी रखेगी।

एनटीपीसी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली उपयोगिता है, जो देश की बिजली आवश्यकता का 1/4 योगदान करती है। थर्मल, हाइड्रो, सौर और पवन ऊर्जा संयंत्रों के विविध पोर्टफोलियो के साथ, एनटीपीसी देश को विश्वसनीय, सस्ती और टिकाऊ बिजली प्रदान करने के लिए समर्पित है। कंपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने, नवाचार को बढ़ावा देने और हरित भविष्य के लिए स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## एससीबी ने 6 घंटे सर्जरी कर युवक का हाथ जोड़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर कटक।** एससीबी ने कटे हाथों को जोड़ कर असंभव को संभव बनाया। करीब 6 घंटे की सफल सर्जरी के बाद युवक का हाथ वापस मिल गया। बालेश्वर जिले के सदर थाना अंतर्गत कुटापाल गांव का 23 वर्षीय युवक प्रकाश दास 21 तारीख की शाम को रथयात्रा देखने आ रहा था। अचानक उसी गांव के कुछ युवकों ने एक सुनसान जगह पर प्रकाश पर हमला कर दिया और उसका बायां हाथ पूरी तरह से अलग कर दिया। सूचना पाकर प्रकाश के परिजनों ने कटे हाथ को पकड़कर पहले बालेश्वर मुख्य हस्पताल में भर्ती कराया। हालत को देखते हुए प्रकाश को कटक एससीबी मेडिकाल को स्थानांतरित किया गया, तुरंत मेडिकल सेंटर के प्लास्टिक सर्जरी विभाग की मेडिकल टीम ने प्रकाश की सर्जरी की प्रक्रिया शुरू कर दी। यह सर्जरी



रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक चली। प्लास्टिक सर्जरी विभाग के प्रमुख विभूति भूषण नायक के नेतृत्व में 10 सदस्यीय मेडिकल टीम ने प्रत्येक नस और हड्डी को जोड़ने के लिए नाजुक सर्जरी की। लगभग 6 घंटे की अथक मेहनत के बाद एससीबी ने प्रकाश का हाथ जोड़ कर इतिहास रच दिया।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से जेम के माध्यम से बोली (बिड) आमंत्रित की जाती हैं। **जेम (GeM) बोली संख्या:** GEM/2023/B/3630072, दिनांक 29/06/2023 **क्र. सं. 01. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि:** धनबाद मंडल के खलारी ('सी' एरिया में 'बी' श्रेणी) रनिंग रूमों की विभिन्न गतिविधियों (जिसमें हाउस कीपिंग, मेसिंग, कपड़ा धुलाई, बागवानी एवं रहने वाले इच्छुक क्रू को सुब्सीडाईज्ड भोजन उपलब्ध कराना शामिल है) की तीन वर्षों (1095 दिनों) के लिए आउटसोर्सिंग और धनबाद मण्डल के खलारी रनिंग रूम में 03 वर्षों (1095 दिनों) के लिए लौंड्री सर्विस उपलब्ध कराना **02. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रू. 1,02,64,318.00 | 03. अग्रधन राशि: रू. 2,01,350.00 **04 ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय:** ई–निविदा का बंद होना : 20/07/2023 को 15:00 बजे | ई–निविदा का खुलना: 20/07/2023 को 15:30 बजे | **05. वेबसाईट का विवरण:** वेबसाईट: https://gem.gov.in विशेष: जेम बोली के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परि.)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/00652/डीएचएन/ईओपीएन/टी/23–24/36







## किट टीबीआइ को मिला बायोस्पेक्ट्रम उत्कृष्टता पुरस्कार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** किट टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर (केआइटी-टीबीआइ) को प्रतिष्ठित बायोस्पेक्ट्रम एक्सलेंस अवार्ड 2021-22 से सम्मानित किया गया। भारत के सभी निजी और सार्वजनिक इनक्यूबेटरों में कीट टीबीआइ ने प्रथम स्थान प्राप्त कर यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता है। शुक्रवार को नयी दिल्ली में आयोजित समारोह में कीट टीबीआइ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और किट डीम्ड विश्वविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास महानिदेशक प्रोफेसर मृत्युंजय सुआर ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। किट टीबीआइ ने 23.01 के अधिकतम स्कोर के



साथ पहला स्थान हांसिल किया, जबकि बेंगलुरु में एक सरकारी इनक्यूबेटर सी-कैंप ने 13.84 के स्कोर के साथ दूसरा स्थान और सीएसइआर-एनसीएल के वेंचर सेंटर ने 13.2 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हांसिल किया।गौरतलब है कि जैव प्रौद्योगिकी और जीवन विज्ञान उद्योगों और जैव-इनक्यूबेटरों को बढ़ावा देने के लिए हर साल बायोसेक्टर रैंकिग आयोजित की जाती है।

इस मौके पर किट-किस के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत ने कीट टीबीआइ की इस सफलता पर प्रोफेसर सुअर और किट टीबीआइ टीम को बधाई दी। भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग, उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बीआइएसी) के सहयोग से 2012 में स्थापित, किट टीबीआइ ने ओड़िशा सहित देश के पूर्वी और उत्तरपूर्वी हिस्सों में जैव-उद्यमिता के प्रचार और विकास में एक प्रमुख भूमिका निभा रहा है। किट टीबीआइ ने देशभर में कुल लगभग 2000 से अधिक बायोटेक और जीवन विज्ञान आधारित स्टार्टअप के साथ सफलतापूर्वक साझेदारी की है। किट टीबीआइ ने एक मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

## लालवाहिनी ने 9 गाड़ियों में लगायी आग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर रायगड़ा।** लालबाहिनी उग्रवादियों ने रायगड़ा जिले के मुनिगुडा स्थित एक क्रॉसर में 2 पोकलेन, 5 हाइवा और 2 लोडर मशीन में आग लगा दी। इस घटना के बाद स्थानीय इलाके में खलबली मच गया है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार देर रात को महिला कैडरों समेत 10 से अधिक हथियारबंद उग्रवादियों ने मुनिगुडा स्थित देवकुपुली के पास क्रॉसर पर हमला कर दिया। सबसे पहले सुरक्षा गार्डों और अन्य



कर्मचारियों का गेट के पास रखा। उनके मोबाइल छीन लिये, फिर अन्य उग्रवादियों ने मशीन में आग लगा दी।

## ओड़िशा में 21000 मीट्रिक टन गेहूं और 10000 मीट्रिक टन चावल की इ-नीलामी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** गेहूं और चावल की बाजार कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्णय के अनुसार अधिशेष गेहूं और चावल के स्टॉक को भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से खुली बाजार बिक्री योजना (घरेलू) के तहत इ-नीलामी द्वारा बेची जायेगी। एफसीआइ द्वारा जारी हालिया निविदा के अनुसार एफसीआइ ओड़िशा क्षेत्र के 18 केंद्रों के 62428 मीट्रिक टन में से 21000 मीट्रिक टन गेहूं और 329539 मीट्रिक टन में से 10000 मीट्रिक टन चावल इ-नीलामी के लिए पेश किया गया है। योजना के तहत गेहूं और चावल की बिक्री एफसीआइ द्वारा छोटे/थोक व्यापारियों के माध्यम से खाद्यान्न जारी करने के लिए हर हफ्ते की जायेगी।

## जून में रिकॉर्ड 1.61 लाख करोड़ जीएसटी कलेक्शन

**नयी दिल्ली।** जून 2023 में रिकॉर्ड कुल 1,61,497 करोड़ का जीएसटी कलेक्शन हुआ है। इसमें बीते साल जून के मुकाबले 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि देश में जीएसटी लागू होने के बाद चौथी बार है, जब जीएसटी कलेक्शन 1.60 लाख करोड़ रुपये के पार गया है।

















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**